भाद्रपद शुक्ल पक्ष-11, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 83 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
13 सितम्बर 2024 शुक्रवार

आज का मौसम
30 अधिकतम
23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page- 7

# पैरालंपिक में इतिहास रचने वाले दल से मोदी की मुलाकात

नई दिल्ली, एजेंसी।
पेरिस पैरालंपिक खेलों में इतिहास रचने के बाद आज भारतीय दल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और खूब मन की बातें कीं। मोदी ने भी उनके साथ हंसी मजाक किया साथ ही खिलाड़ियों के कोच से भी अनुभव को साझा किया। प्रधानमंत्री ने एथलीट्स से पैरालंपियनों से पैरालंपिक में उनके अनुभव के बारे में पूछा। पैरा एथलीट्स ने कुछ दिलचस्प कहानियां भी साझा कीं। इसका वीडियो भी सामने आया है।



इस दौरान पैरा एथलीट्स और कोचिंग स्टाफ ने पीएम मोदी को अपना ब्रांड एंबेसडर बताया है। मोदी के साथ खेल मंत्री मनसुख मांडविया और पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया भी मौजूद रहे। पेरिस पैरालंपिक में रिकॉर्ड 29 पदक जीतने के बाद भारतीय एथलीट्स मंगलवार ही को देश लौटे थे। भारत ने पेरिस पैरालंपिक में सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य समेत 29 पदक जीते थे।

# ईडी केस के बाद सीबीआई केस में भी सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

# हरियाणा में चुनावी मैदान सजा केजरीवाल को अंतत जमानत



नई दिल्ली, एजेंसी।
शराब नीति के मामले में जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को अंततः आज सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली। सीबीआई के केस में भी सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी। उन्हें ईडी के मामले में पहले ही जमानत मिल गई थी। इससे अब आज शाम तक उनके जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के ऐन पहले केजरीवाल को जमानत मिलने से सियासी पेंच भी गहराने के आसार हैं। उनकी पार्टी 'आप' वहां चुनाव मैदान में है और कांग्रेस से उसका गठबंधन नहीं हो सका है।

हालांकि, जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कुछ शर्तें भी लगाई हैं। जमानत के लिए उन पर वहीं शर्तें लागू होंगी, जो ईडी के मामले में जमानत देते हुए लगाई गई थीं। जेल से बाहर आने के बाद केजरीवाल किसी भी फाइल पर दस्तखत नहीं कर पाएंगे। इसके साथ ही उनके दफ्तर जाने पर भी पाबंदी रहेगी। इतना ही नहीं, इस मामले में वो कोई बयान या टिप्पणी भी नहीं कर सकेंगे। इधर आप पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने कहा,'झूठ और साजिशों के खिलाफ लड़ाई में आज पुनः सत्य की जीत हुई है।

जजों की अलग अलग राय- जमानत के इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की राय भी अलग रही। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'हम अपीलकर्ता की दलीलों से सहमत नहीं हैं कि सीबीआई धारा 41 का पालन करने में विफल रही। अपीलकर्ता का आरोप कानून के तहत सही है, जेल में लंबे समय तक कैद रहना आजादी के लिए एक समस्या है, अदालतें आम तौर पर स्वतंत्रता की ओर झुकती हैं। जस्टिस भुइंया ने कहा, %ऐसा लगता है कि ईडी मामले में अपीलकर्ता को ट्रायल कोर्ट द्वारा नियमित जमानत दिए जाने के बाद ही सीबीआई सक्रिय हुई और हिरासत की मांग की 22 महीने से अधिक समय तक उन्हें गिरफ्तार करने की जरूरत महसूस नहीं हुई। इस तरह की कार्रवाई गिरफ्तारी पर ही गंभीर सवाल उठाती है.'



21 मार्च को हुई थी गिरफ्तारी- कथित शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था. लोकसभा चुनाव के कारण 10 मई को उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी थी। इसके बाद 2 जून को केजरीवाल ने सरेंडर कर दिया था. इस मामले में ईडी और सीबीआई दोनों ही जांच कर रही हैं। ईडी के मामले में सुप्रीम कोर्ट से केजरीवाल को 12 जुलाई को जमानत मिल गई थी।

## आप को ऑक्सीजन मिलेगी, कांग्रेस-भाजपा को दिक्कत

हरियाणा में विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच उनकी पार्टी को केजरीवाल की जरूरत महसूस हो रही थी। अब तक केजरीवाल की गैर मौजूदगी में राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, राज्यसभा के सांसद राघव चड्ढा सहित तमाम नेता चुनाव प्रचार कर रहे थे लेकिन अब इसे धार मिलेगी। कांग्रेस ने कोशिश की थी कि गठबंधन हो जाए। कांग्रेस को तीस सीटों पर बागियों का सामना करना पड रहा है तो भाजपा को 49 सीटों पर अपने 78 बागी नेताओं से दिक्कतें हैं। हालांकि बीते विस चुनाव में आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन खास नहीं था। केजरीवाल मूल रूप से हरियाणा के सिवानी के रहने वाले हैं। सुनीता केजरीवाल ने भी पिछले दिनों खुद को हरियाणा की बहू बताया।





## मप्र में अविरल नर्मदा प्रवाह के लिए मंथन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मां नर्मदा नदी के जल को निर्मल तथा अविरल प्रवाहमान बनाए रखने के उद्देश्य से समग्र विकास कार्य योजना स्वीकृत के लिए गठित मंत्रिमंडल समिति की बैठक का सुशासन भवन में शुभारंभ किया।

# राहुल गांधी ने जिससे बाल कटाए, उसे भेजी शैंपू चेयर

रायबरेली/नई दिल्ली, एजेंसी।
उप्र के रायबरेली में लोकसभा चुनाव के दौरान जिस सैलून वाले के यहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दाढ़ी-बाल कटवाए थे, अब उसे उन्होंने खास तोहफा भेजा है। राहुल ने सैलून चलाने वाले लालगंज निवासी मिथुन को एक शैंपू चेयर, दो हेयर कटिंग चेयर और एक इनवर्टर बैटरी भेजी है। इसे पाकर मिथुन बेहद खुश है और उसने कांग्रेस नेता को धन्यवाद कहा है। दरअसल, मई में राहुल गांधी की लालगंज के बैसवारा इंटर कॉलेज खेल मैदान में एक जनसभा हुई थी, जहां से लौटते समय उन्होंने मिथुन की दुकान में रुककर दाढ़ी और बाल कटवाए थे इससे पहले हाल में राहुल



ने सुल्तानपुर के रामचेत मोची को जूते सिलने की मशीन भेजी है। जिसे पाने के बाद रामचेत ने कहा था कि राहुल के दुकान में आने के बाद उनकी किस्मत बदल गई है।

# अडानी ग्रुप के 6 स्विस बैंक अकाउंट में भारी राशि फ्रीज

नई दिल्ली, एजेंसी।



अमेरिकी शॉर्ट-सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने अब अडाणी ग्रुप पर एक नया आरोप लगाया है। एक्स पर पोस्ट के जरिए कहा गया कि स्विटजरलैंड में मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच के तहत ग्रुप के 6 स्विस बैंक अकाउंट्स में 310 मिलियन डॉलर फ्रीज कर दिए गए हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि स्विस क्रिमिनल कोर्ट के नए रिकॉर्ड के अनुसार प्रॉसीक्यूटर्स ने बताया है कि कैसे अडाणी ग्रुप से जुड़े एक शख्स ने बिना पहचान उजागर किए बीवीआई, मॉरीशस और बरमूडा फंडों में इन्वेस्ट किया।

**अडानी ने कहा साजिश:** हालांकि अडाणी ग्रुप ने इस नई रिपोर्ट पर सफाई दी और आरोपों को झूठा बताया। ग्रुप ने कहा कि यह सब उनकी मार्केट वैल्यू गिराने के लिए किया जा रहा है। आज अडाणी ग्रुप ने ब्लॉग में कहा, अडाणी ग्रुप का किसी भी स्विस अदालती कार्यवाही से कोई संबंध नहीं है। न ही हमारी कंपनी का कोई अकाउंट जब्त किया गया है। हमारा ओवरसीज होल्डिंग स्ट्रक्चर पूरी तरह ट्रांसपेरेंट और कानून के मुताबिक है। हमें यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि यह हमारी प्रतिष्ठा और मार्केट वैल्यू को नुकसान पहुंचाने के लिए काम करने वालों की एक और कोशिश है।

# आज 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, भोपाल के आसपास 16 से नया दौर

भोपाल, दोपहर मेट्रो।
मानसून सीजन के सबसे स्ट्रॉन्ग सिस्टम ने मध्यप्रदेश को तरबतर कर रखा है। आज ग्वालियर-चंबल और जबलपुर संभाग के 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। जबकि भोपाल के आसपास हल्की बारिश का व गरज चमक का अंदेशा है। लेकिन 16 सितंबर से फिर एक मजबूत सिस्टम राजधानी के आसपास घेराबंदी करेगी। उधर भिंड में सिंध नदी खतरे के निशान से तीन मीटर ऊपर बह रही है। मेहगांव क्षेत्र के तीन गांवों को खाली करा लिया गया है। 47 गांवों में अलर्ट जारी किया है। नर्मदापुरम से एसडीआरएफ की 20 सदस्यीय टीम भी बचाव एवं राहत कार्य के लिए पहुंच गई है। वहीं बीते 24 घंटे में हादसों में 17 लोगों ने की जान चली गई है। अशोकनगर में पुल पार करते समय दो युवक बह गए। हालांकि, उन्हें बचा लिया गया। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में 15 सितंबर से नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इसका असर 16 सितंबर से प्रदेश में देखने को मिलेगा। मौसम विभाग की मानें, तो यह सिस्टम भी स्ट्रॉन्ग रहेगा। मौजूदा सिस्टम उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ गया है।



भोपाल में दो दिन से बारिश थमी हुई है ऐसे में परिंदे भी राहत के लिए सड़कों पर झुंड में बैठे नजर आ रहे हैं।


# इतिहास में पहली बार बिना एक भी बॉल फेंके टेस्ट मैच करना पड़ा रद्द

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।
अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट मैच आज भी नहीं हो सका। ग्रेटर नोएडा में आयोजित इस मैच को रद्द कर दिया गया। मौसम की मार और उसे ऊपर से कुव्यवस्थाओं का अंबार, मैच ना हो पाने की वजह बना। ग्राउंड और पिच ढकने के लिये कवर (दरी) और पंखे भी टेंट हाउस से मंगाए गए। लगातार बारिश के कारण अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट के 5वें और अंतिम दिन भी संभव नहीं हो सका, इस कारण टेस्ट मैच को मैच अधिकारियों ने रद्द कर दिया।



ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया ऐतिहासिक एकमात्र टेस्ट मैच इस तरह 91 वर्षों में भारतीय धरती पर पहला ऐसा टेस्ट था जिसे पूरी तरह से रद्द कर दिया गया।

# कल की अप्रत्याशित तेजी के बाद शेयर बाजार फिसला



**मुंबई।** पिछले सत्र में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद, शुक्रवार को भारतीय इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट आई, जिसका कारण एफएमसीजी और ऊर्जा शेयरों में गिरावट रही। सुबह सेंसेक्स 176 अंक गिरकर 82,793 पर व निफ्टी 50 59 अंक गिरकर 25,329 पर आ गया। सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, आईटीसी और एचयूएल नुकसान के साथ खुले, जबकि टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स और नेस्ले में बढ़त देखी गई।

मेट्रो एंकर

# राज्यों में चुनाव का दौर, कम हो सकता है पेट्रोल व डीजल के दामों का जोर!

## ग्लोबल मार्केट में सबसे निचले स्तर पर कीमतें

नई दिल्ली, एजेंसी।
भारत में विधानसभा चुनाव का दौर शुरू हो गया है। हरियाणा व कश्मीर में चुनाव प्रचार चल रहा है तो महाराष्ट्र, झारखंड दिल्ली में चुनाव होने वाले हैं। इस बीच देश में पेट्रोल डीजल के दाम कम करने की मांग के बीच इसके कम होने की संभावना भी बन रही है। यह संयोग इसलिये भी जुड़ रहा है क्योंकि ग्लोबल मार्केट में ब्रेंट क्रूड के दाम में तगड़ी गिरावट आई है। वहीं यूरोप में पॉलिसी रेट कट के बाद अब अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ गई है। क्रूड ऑयल में बदलाव का असर पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर पड़ता है, जबकि अमेरिका पॉलिसी रेट में कटौती करता है, तो भारत में भी फेस्टिव सीजन में लोन लेने वालों को राहत मिलने की उम्मीद जागी है। यानी सरकार देश के लोगों को दो बड़े तोहफे दे सकती है।

बताया जाता है कि आज शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड की कीमत 72 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रही है, जबकि WTI क्रूड का भाव 69.27




डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। 2021 के बाद क्रूड का दाम इस स्तर पर आया है। महीने भर में कीमतों में हुए बदलाव पर नजर डालें तो ये 20-25 डॉलर प्रति बैरल सस्ता हुआ है। अगर क्रूड की कीमतों में गिरावट आती है, तो पेट्रोल-डीजल के दाम में कमी देखने को मिलती है। हालांकि, ऐसा पहले भी हुआ है लेकिन हर बार देश में कीमतें कम हो यह जरूरी नहीं।

पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय की नजरें इस वक्त क्रूड आइल की कीमतों पर हैं। अफसरों ने संकेत दिये हैं कि अगर कच्चे तेल की कीमत लंबे समय तक कम रहती है तो तेल कंपनियां फ्यूल की कीमतों को कम करने पर विचार करेंगी। तीन साल के निचले स्तर पर कीमतें आने से ऑयल मार्केटिंग कंपनियों मुनाफा बढ़ा है। इससे पहले मार्च में तेल की कीमतों में गिरावट के कारण खुदरा विक्रेताओं, विशेष रूप से सरकारी कंपनियों का प्रॉफिट मार्जिन बढ़ा था। इसके बाद पेट्रोलियम कंपनियों ने सरकार के आदेश के बाद कीमतें 2 रुपए तक कम की थी।

## सबसे महंगा पेट्रोल आंध्र प्रदेश में

इस वक्त सबसे महंगा पेट्रोल आंध्र प्रदेश में है। यहां एक लीटर पेट्रोल 108.46 रुपए प्रति लीटर बिकता है। इसके बाद केरल में 107, मध्य प्रदेश में 106, और बिहार में 105 रुपए लीटर है। आंध्र प्रदेश में डीजल की कीमत भी 96 रुपए प्रति लीटर है। ज्ञात हो कि पेट्रोल की कीमत को ग्लोबल मार्केट से जोड़कर 2010 में डिकंट्रोल कर दिया गया था और डीजल की कीमत को 2014 में नियंत्रण मुक्त कर दिया गया था।

# सांसद अमृतपाल के रिश्तेदारों पर एनआईए की रेड

चंडीगढ़, एजेंसी।
पंजाब के खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह के रिश्तेदारों के घरों में आज सुबह एनआईए की टीम ने दबिश दी। एनआईए ने अमृतपाल सिंह के चाचा प्रगट सिंह के घर में छापामारी करके चाची को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। टीम ने काफी दस्तावेज भी बरामद किए हैं। टीम की ओर से अमृतपाल के जीजा के घर में भी छापामारी की है, वहां से भी काफी दस्तावेजों को एनआईए की टीम ने अपने कब्जे में लिया है। पटियाला में भी सांसद अमृतपाल के एक नजदीकी जितेंदर सिंह के घर पर एनआईए की टीम ने दबिश दी है। टीम ने यहां से कुछ मोबाइल फोन कब्जे में लिए हैं। मोगा के बाघापुराना के गांव समालसर में एनआईए की रेड हुई है।





# नवजात के लिए महत्वपूर्ण वार्मर बेड मिले एम्स को

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में लगभग डेढ लाख रुपये कीमत के दो रेडिएंट इन्फेंट वार्मर बेड डोनेट किए गए हैं। यह दान जयदीप पुंगलिया और अम्रता जैन ने किया है। दानकर्ता जयदीप पुंगलिया ने बताया कि दो वर्ष पहले हमारे बच्चे का जन्म नरसिंहपुर में हुआ था, तब उसे कुछ समस्याएं आई थीं और वहां भी वार्मर बेड की जरूरत महसूस हुई थी, लेकिन तब वह उपलब्ध नहीं था, इसलिए हमने निर्णय लिया कि एम्स भोपाल में यह बेड दान करेंगे, ताकि दूसरे बच्चों को ऐसी समस्या का सामना न करना पड़े। विभाग के प्रमुख डा. योगेश निवरिया ने बताया कि रेडिएंट इन्फेंट वार्मर बेड नवजात शिशुओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें सर्जरी के बाद देखभाल की जा सकेगी। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि ये रेडिएंट इन्फेंट वार्मर बेड नवजात शिशुओं की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

दरअसल, रेडिएंट इन्फेंट वार्मर बेड नवजात शिशुओं के लिए एक आवश्यक चिकित्सा उपकरण है, जो विशेष रूप से तब उपयोगी होता है, जब शिशु के तापमान को नियंत्रित करना होता है। यह बेड नवजात शिशुओं के शरीर के तापमान को स्थिर बनाए रखने में मदद करता है। विशेष रूप से उन शिशुओं के लिए उपयोगी हैं, जो जन्म के समय कमजोर होते हैं। समय से पहले जन्मे बच्चे या जिन्हें ऑपरेशन के बाद देखभाल की आवश्यकता होती है, उनके लिए ये बेड काफी कारगर हैं।

## दो महीने से जर्जर सड़कों की मरम्मत नहीं कर पाया लोनिवि

# अब 20 बदहाल सड़कों पर व्हाइट टॉपिंग के लिए इंजीनियर्स को ट्रेनिंग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी की जर्जर सड़कों को सुधारने के बजाए लोक निर्माण विभाग और अन्य एजेंसियां हर दिन किसी नए आइडिये के साथ नजर आती हैं। अब शहर की 20 बड़ी सड़कों को व्हाइट टॉपिंग तकनीक से बनाने की तैयारी कर ली गई है। इसमें मुख्य रूप से लिली टॉकीज, डीआईजी बंगला, हबीबगंज नाके की रोड शामिल हैं। इन्हें बारिश के बाद बनाया जाएगा। बताया जाता है कि इस नई तकनीक के लिये पीडब्ल्यूडी के 200 इंजीनियर्स को इसके लिए बाकायदा ट्रेनिंग दी गई है। इनको बताया गया किं व्हाइट टॉपिंग तकनीक क्या है, इसके लिए किस तरह की सड़कों का चयन करना है। ये कैसे डामर सड़कों से कम खर्च में बनेगी। पहले चरण में पीडब्ल्यूडी ने भोपाल की करीब पैंतालीस किमी लंबी सड़कों पर व्हाइट टॉपिंग तकनीक इस्तेमाल करने का फैसला लिया है। व्हाइट टॉपिंग तकनीक के सबसे बड़ा फायदे को लेकर विभाग का दावा है कि बारिश में भी ये सड़कें सीसी रोड की तरह लंबे समय तक खराब नहीं होंगी। करीब सात मीटर चौडी सडक पर प्रति किमी 33 लाख तक खर्च आ सकता है। अभी राजधानी की सड़कों का यह आलम है कि दो महीने से सभी प्रमुख मार्ग की सड़क बदहाल हैं। बारिश के पहले ही दौर में उधडी सडकों को लेकर लोनिवि,नगर निगम कई तरह के दावे करके अपनी फजीहत से बचने की कोशिश करते रहे हैं, सर्वे करके इनकी तत्काल मरम्मत की भी बात की कही गई लेकिन बारिश का दौर बीतने वाला है सभी सड़कों की मरम्मत तक नहीं हो सकी है।

### क्या है यह तकनीक



व्हाइट टॉपिंग तकनीक के तहत डामर रोड पर बेस मजबूत कर छह इंच कांक्रीट किया जाता है। यह तकनीक दक्षिण भारत के राज्यों सहित कई नेशनल हाइवे पर उपयोग में है। भोपाल में भी ऐसी सड़कें हैं, जहां हमेशा पानी भरने की समस्या होती है और सड़कें खराब होती हैं, वहां इसका उपयोग होगा। अन्य शहरों और हाईवे को भी चिह्नित कर इसे प्रयोग में लाएंगे। इसमें केवल एक बार खर्च करने के बाद बार-बार मेंटेंनेस की जरूरत नहीं पड़ेगी। गौरतलब है कि कुछ समय पहले मुख्यमंत्री ने एक बैठक में ऐसे विकल्पों पर काम करने के लिए कहा था, जिन्हें अपनाने से सड़कें लंबे समय तक चलें।

# केन्द्रीय पुस्तकालय में लैपी लैब सेवा की शुरूआत हुई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित केन्द्रीय पुस्तकालय ग्वालियर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये नवीन सुविधाओं के साथ कॉम्पिटिशन कार्नर प्रारंभ किया है। पहले इस पुस्तकालय में 60 सीटों की व्यवस्था थी। छात्रों की मांग व बढ़ती संख्या को देखते हुए वर्तमान में सीटों की क्षमता को बढ़ाकर 160 सीट कर दिया गया है। पुस्तकालय में लैपी लैब की नवीन सेवा प्रारंभ की गई है। यह मप्र की एकमात्र लैब है, जिसमें 12 लैपटॉप को लैपी लैब मेम्बरशिप कार्ड से लैपटॉप डिस्पेंसर द्वारा इश्यू किया जाता है।

# मेट्रो के लिए सड़कों पर ट्रैफिक डायवर्जन प्लान में 15 दिन इजाफा, अभी लंबा चक्कर लगाने की मजबूरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर में हबीबगंज नाका पर नर्मदापुरम रोड की ओर अभी मेट्रो के काम के चलते यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बारिश में हालत और बिगड रही है। यहां सीमेंट गर्डर और 48 मीटर लंबे स्टील ब्रिज का काम बाकी है। इसे पूरा होने में अभी करीब 35 दिन और लग सकते हैं। इसलिए मेट्रो रेल कंपनी को नर्मदापुरम रोड पर 29 सितंबर तक लिया गया ट्रैफिक डायवर्सन प्लान 16 दिन और आगे बढ़ाना पड़ेगा। यानी साकेत नगर, अलकापुरी और नर्मदापुरम रोड से आना-जाना करने वालों को इतने दिन और परेशानी का सामना करना पड़ेगा। मेट्रो कंपनी ने नर्मदापुरम रोड को हबीबगंज नाका से सांची डेयरी के बीच बीती 3 मार्च को बंद किया था। अभी आलम यह है कि करीब दो सौ दिनों से इस सड़क से गुजरने वालों को बोर्ड ऑफिस चौराहा होकर वीर सावरकर सेतु होते हुए या सांची डेयरी से कस्तूरबा अस्पताल के सामने से होते हुए शक्ति नगर, अलकापुरी के रास्ते आरआरएल तिराहे के सामने से आना-जाना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास हबीबगंज नाके से डीआरएम स्टेशन के बीच 2 स्टील ब्रिज से मेट्रो गुजरेगी। इसके लिए पिछले 8 महीने से काम चल रहा है। बीते दिनों तीन घंटे के अंदर रेलवे ट्रैक पर पिलर के ऊपर 65 मीटर लंबा और 400 टन वजनी ब्रिज का स्ट्रक्चर रख दिया गया था। ब्रिज और पिलर के बीच 3 गर्डर भी लॉन्च कर दी गई है। हबीबगंज नाके से स्टील ब्रिज के नीचे से लोहे का स्ट्रक्चर हटाया जा रहा है।



### 30 सितंबर तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन

**भोपाल।** बीढ़ी एवं खदान श्रमिकों के अध्ययनरत बच्चों के लिये वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में नेशनल स्कॉलरशिपा पोर्टल (एनएसपी) पर प्री-मेट्रिक श्रेणी में शिक्षण के लिए आवेदन तिथि बढ़ा दी गई है। अब विद्यार्थी 30 सितम्बर 2024 तक आवेदन कर सकते है। वहीं पोस्ट मेट्रिक के लिये आवेदन करने की अंतिम 31 अक्टूबर निर्धारित है। शैक्षणिक सत्र वर्ष 2024-25 के लिये शिक्षा वित्तीय सहायता योजना में मध्यप्रदेश राज्य के बीढ़ी, चूना पत्थर, डोलोमाईट, लौ-मैंग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में कक्षा एक से उच्च शिक्षा गृहण करने पर एक हजार रूपये से 25 हजार रूपये तक छात्रवृत्ति स्वीकृत की जाती है।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन से पहले सड़कों के गडढों का मुद्दा उठा, घाट का निरीक्षण



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

नगर निगम हिरदाराम नगर जोन ऑफिस पर निगम एवं प्रशासनिक अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें गणेश विसर्जन को लेकर व्यवस्थाओं चर्चा हुई। बैठक के बाद विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया गया। एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विसर्जन के दिन तक विसर्जन चल समारोह मार्ग के सभी गड्?ढे भरने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से भी बात की गई। साथ ही विसर्जन के दिन यातायात व्यवस्था, विसर्जन घाट पर व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव रखे गए। बीते साल गणेश प्रतिमा विसर्जन के समय प्रतिमाओं को फेंककर विसर्जित करने वाली स्थिति इस बार न बनने के सख्त निर्देश दिए गए। तय किया गया कि विसर्जन घाट के बाहरी हिस्से से छोटी प्रतिमाएं विसर्जित की जाएंगी, इसके लिए तीन जगहों से जाली काटकर खिड़कियां बनाई जाएंगी। लोग अपनी प्रतिमाएं जाली के उस ओर तैनात निगम कर्मियों को मूर्ति देंगे, जिन्हें निगम कर्मी घाट में विसर्जित करेंगे। इसके अलावा वार्ड कार्यालयों के पास व अन्य स्थानों पर प्रतिमा विसर्जन स्थल बनाए जाएंगे।

बैठक में विसर्जन के दौरान यातायात सुचारू बनाए रखने पर भी चर्चा हुई। एसीपी अनिल शुक्ला ने कहा स्वागत मंच को स?क किनारे बनाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। विसर्जन घाट, चल समारोह मार्ग व अन्य स्थानों पर पुलिस जवान तैनात रहेंगे। बैठक में थाना प्रभारी कंवरजीत रंधावा, नगर निगम एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक बाद विसर्जन घाट पर निरीक्षण किया गया। घाट पर क्रेन, गोताखोर, लाइट व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर एमआईसी सदस्य हिंगोरानी व पार्षद अशोक मारण ने निर्देश दिए।

# स्मार्ट शिक्षा और स्मार्ट उद्योग दोनों ही भारत के विकास के लिए महत्वपूर्णः प्रो सीसी त्रिपाठी

## एनआईटीटीटीआर में रिसर्च स्कॉलर एवं विभिन्न प्रोजेक्ट की हुई समीक्षा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) में रिसर्च स्कॉलर एवं विभिन्न प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए निदेशक प्रो.सी.सी त्रिपाठी ने कहा कि स्मार्ट शिक्षा और स्मार्ट उद्योग दोनों ही भारत के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। स्मार्ट शिक्षा से तात्पर्य है तकनीक का उपयोग करके शिक्षा को अधिक प्रभावी और सुलभ बनाना, जबकि स्मार्ट उद्योग से तात्पर्य है तकनीक का उपयोग करके उद्योगों को अधिक कुशल और उत्पादक बनाना। इस अवसर पर रिसर्च स्कॉलर की प्रोग्रेस रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि इनोवेशन के साथ-साथ समाज के लिए उपयोगी रिसर्च पर फोकस करें। रिसर्च स्कॉलर्स नई प्रोसेस एवं प्रोडक्ट इनोवेशन से रिलेटेड रिसर्च कार्य करें। इस अवसर पर रिसर्च के अन्य क्षेत्रों जैसे स्मार्ट एजुकेशन, स्मार्ट इंडस्ट्री रेडीनेस इंडेक्स, मल्टी डिसिप्लिनरी रिसर्च, स्मार्ट मटेरियल डिजाइन, स्पेस टेक्नोलॉजी में एप्लीकेशन बेस्ड रिसर्च, लो कार्बन एमिशन, वैकल्पिक ऊर्जा, एग्रीकल्चर प्रोडक्शन, ड्रोन टेक्नोलॉजी, बेहतर जीवन स्तर, स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण, कुशल और प्रभावी सेवाएं, नवाचार और रोजगार के अवसर, सामाजिक और आर्थिक विकास, स्मार्ट सोसाइटी, जैसे क्षेत्रों की रिसर्च प्रॉब्लम पर चर्चा की गई। इस अवसर पर निटर के डीन, प्रो आशीष देशपांडे, प्रो. पी.के पुरोहित, प्रो. पराग दुबे, प्रो दीपक सिंह सहित फैकल्टी मेंबर्स, रिसर्च स्कॉलर्स एवं स्टाफ मेंबर्स उपस्थित थे।

# संस्कार जीवन की जड़ें, जिन पर खड़ा होता है जीवन का वृक्षः भाऊजी



## संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में शिक्षक सम्मान समारोह

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

हमारे संस्कार हमारे जीवन की जड़े हैं, जो मजबूती से हमारे जीवन रूपी वृक्ष को स्थिरता एवं विस्तार देते हैं। विद्या धन से बड़ा कोई धन नहीं। विद्या ऐसा धन है, जिसे कोई नहीं छीन सकता। यह उद्गार सिद्धभाऊजी ने व्यक्त किए। वे संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में शिक्षक सम्मान समारोह में बोल रहे थे। भाऊजी ने कहा कि ईमानदारी और समर्पण ही सफलता की नींव हैं। विद्या धन को कोई नहीं चुरा सकता। उन्होंने छात्राओं से समय एवं स्वास्थ्य के बारे में ध्यान देने को कहा। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने कहा कि शिक्षकों का जीवन में अमूल्य योगदान होता है। इस अवसर पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी कहा कि अपने जीवन के व्यावहारिक अनुभवों को छात्राओं के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि ज्योत से ज्योत जगाते चलो की भावना से काम करना चाहिए, जो काम प्रेम से हो सकता है, उसमें क्रोध करने से नुकसान होता है। इस अवसर पर संस्थान की छात्राओं ने कविता एवं गीत से शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। भाऊजी ने सभी शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कोमल तनेजा ने किया।

# हिरदारामजी की कुटिया के सामने लगेगा रक्तदान शिविर, पंजीयन शुरू

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम साहिबजी का 119वां जन्मदिन 'सेवा और संकल्प दिवस' के रूप में संतनगर, भोपाल एवं कई शहरों में मनाया जाएगा। संतजी के पुण्य जन्मदिवस पर 'सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय' द्वारा एक 'रक्तदान शिविर' संतजी की कुटिया के पास आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में रक्तदान करने वालों की अपेक्षा है। इच्छुक दानदाताओं के रजिस्ट्रेशन का कार्य 'सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय' में प्रारम्भ किया गया है। रक्त-दानदाता 13 से 20 सितंबर के बीच प्रातः 10 से सांय 6 तक अपना नाम सेवासदन नेत्र चिकित्सालय में आकर या कुशल धर्मानी (मोबाइल नंबर 8109497633) या महेश लेखवानी मोबाइल नंबर 9111001626) से सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। 'रक्तदान शिविर' में संपूर्ण व्यवस्था ब्लड सेंटर, गांधी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हमीदिया अस्पताल, भोपाल द्वारा की जाएगी और साथ ही शिविर में हमीदिया अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

**मेट्रो एंकर** आरोग्य केन्द्र में प्राकृतिक चिकित्सा शिविर की शुरूआत, देशभर से आए साधक

# साधक-साधिकाएं सीख रहे स्वस्थ रहने की कला

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र द्वारा आयोजित रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर श्रृंखला में 10 दिवसीय शिविर गुरूवार से शुरू हुआ, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से साधक प्राकृतिक चिकित्सा से हमेशा स्वस्थ रहने की कला सीखने आए हैं। शिविर के प्रथम शिविरार्थियों का पंजीयन एवं परामर्श प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा किया गया। इसके पश्चात् शिविर का शुभारंभ व्याख्यान रेजिडेंशियल मेडिकल ऑफिस डॉ दिनेश यादव ने दिया। यादव ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य है बिना दवा तंदुरूस्ती पाना। इस शिविर में आप अपने शरीर का शुद्धिकरण कैसे करें वो सीखेगें। शरीर का शुद्धिकरण होना बहुत ही आवश्यक हैं इसलिए इस शिविर का नाम ही ÷रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर÷ रखा गया है। इशिविर में आप ऐसी कला सीखेंगें जिससे आप सुखमय व स्वास्थ्यमय जीवन पा सकें।

शिविर में गतिविधियां ञ्नियमित योगाभ्यास, यौगिक क्रियाएँ, प्रातः कालीन व सायंकालीन



व्याख्यान। शंका समाधान, ध्यानात्मक क्रियाएँ एवं आनंद मेला। बीमारियो को दूर करने में एनिमा, उपवास, अपक्काहार, नींद, शुभ चिंतन व ग्रीन जूस को अपनाकर सदैव स्वस्थ रहने की कला समस्त साधकों बताई। आरोग्य केन्द्र में हेल्थ प्रमोटर सर्टिफिकेट कोर्स भी इस शिविर से प्रारंभ हुआ है। जिसके बारे में भी साधकों को जानकारी दी गई।

# 131वें शिकागो व्याख्यान दिवस पर 131 युवाओं ने ली सदस्यता

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

विश्व शिकागो दिवस के उपलक्ष्य में शिकागो में भारत की आवाज गुंजायमान करने वाले स्वामी विवेकानंद जी को भाजपा गुरुनानक मंडल द्वारा सांसद आलोक शर्मा की उपस्थिति में पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही 131वे शिखागो व्याख्यान दिवस के उपलक्ष्य में 131 युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा ने कहा 18वी सदी के वो नरेंद्र से आज 21वी सदी के नरेंद्र भारत का नाम विश्व पटल पर अंकित कर रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर स्वामी विवेकानंद के जीवन, कार्यों और विचारों का बहुत प्रभाव है। स्वामी विवेकानंद के विचारों को उन्होंने अपने जीवन में उतारते हुए देश की दशा-दिशा बदलने का कार्य कर रहे हैं। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया कि हम सभी युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शो पर चलकर देश का नाम विभिन्न क्षेत्रों में रोशन करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर देवेंद्र भार्गव,भगवानदास ढालिया, मुकेश सोलंकी, संदीप कल्याणे, मनीष माकोरिया, नितिन बम्मन, चंदू यादव, संजय राठौर, आर्यन बल्यूए, हंसराज नरवारे, यशवीर गौतम, शुभम सेन सहित युवा साथी उपस्थित थे।

## छोटी-बड़ी खबरें

### प्रदेश में भाजपा के 26 लाख नए सदस्य, वीडी ने दिलाई सदस्यता

भोपाल, दोपहर मेट्रो। प्रदेश भाजपा कार्यालय में 70 से अधिक उद्यमियों ने रेफरल कोड से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने उन्हें सदस्यता दिलाई। वीडी ने कहा, प्रदेश में डेढ़ करोड़ सदस्य का लक्ष्य है। कार्यकर्ता अभियान में जुटे हैं। अब प्रदेश में 26 लाख से ज्यादा नए सदस्य बनाए जा चुके हैं।

### सरकार ने पेजयल जलस्रोतों की पहचान करने बनाई समिति

भोपाल, दोपहर मेट्रो। सरकार ने प्रदेश के सभी नगरीय एवं ग्रामीण परिवारों को लगातार पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अन्तर्विभागीय समिति का गठन किया है। समिति अध्यक्ष एसीएस पंचायत-ग्रामीण विकास होंगे। एसीएस जल संसाधन, पीएस नगरीय विकास, पीएस वित्त सदस्य बनाए गए हैं। समिति के सदस्य सचिव पीएचई सचिव रहेंगे। समिति केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा भू-जल स्रोतों के चयन में केंद्रीय जल बोर्ड के प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में जारी रिपोर्ट को संज्ञान में लेगी। नल जल योजनाओं के जलस्रोतों के संरक्षण एवं संवर्द्धन की कार्ययोजना तैयार करेगी।

### पीएम जनमन योजना: 113.58 करोड़ की 60 सड़कों को मंजूरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सड़क निर्माण की मंजूरी दी गई है। पीएम जनमन योजना के तहत मप्र में 113.58 करोड़ की लागत से 152.44 किमी लंबाई की 60 सड़कों को मंजूरी दी गई है। अनुपपुर में सबसे ज्यादा 10 सड़कें बनेंगी। उसके बाद छिंदवाड़ा में 8, शिवपुरी में 7, अशोक नगर में 5, बालाघाट और गुना में 4, सीधी में 5, उमरिया और विदिशा में 6 के साथ ग्वालियर, जबलपुर, कटनी, मुरैना और श्योपुर जिले में एक- एक सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है।

### मप्र युवा कांग्रेस सभी प्रकोष्ठ और विभाग भंग

भोपाल, दोपहर मेट्रो। मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मितेंद्र सिंहयादव ने युवा कांग्रेस के सभी प्रदेश स्तरीय प्रकोष्ठ एवं विभाग तत्काल प्रभाव से भंग कर दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने कहा कि हाल ही में नियुक्त मध्यप्रदेश मीडिया विभाग के चेयरमैन अभिज्ञान शुक्ला अपने दायित्व का निर्वहन यथावत करते रहेंगे।

### मुख्यमंत्री ने दिया केंद्रीय मंत्री गोयल को समिट का न्योता

भोपाल, दोपहर मेट्रो। सीएम डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से भेंट की। उन्होंने प्रदेश में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की जानकारी देने के साथ ही आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने का न्योता दिया।

## एनआईटीटीटीआर में रिसर्च स्कॉलर एवं विभिन्न प्रोजेक्ट की हुई समीक्षा



भोपाल। राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) में रिसर्च स्कॉलर एवं विभिन्न प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए निदेशक प्रो.सी.सी त्रिपाठी ने कहा कि स्मार्ट शिक्षा और स्मार्ट उद्योग दोनों ही भारत के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। स्मार्ट शिक्षा से तात्पर्य है तकनीक का उपयोग करके शिक्षा को अधिक प्रभावी और सुलभ बनाना, जबकि स्मार्ट उद्योग से तात्पर्य है तकनीक का उपयोग करके उद्योगों को अधिक कुशल और उत्पादक बनाना। इस अवसर पर रिसर्च स्कॉलर की प्रोग्रेस रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि इनोवेशन के साथ-साथ समाज के लिए उपयोगी रिसर्च पर फोकस करें। रिसर्च स्कॉलर्स नई प्रोसेस एवं प्रोडक्ट इनोवेशन से रिलेटेड रिसर्च कार्य करें। इस अवसर पर रिसर्च के अन्य क्षेत्रों जैसे स्मार्ट एजुकेशन, स्मार्ट इंडस्ट्री रेडीनेस इंडेक्स, मल्टी डिसिप्लिनरी रिसर्च, स्मार्ट मटेरियल डिजाइन, स्पेस टेक्नोलॉजी में एप्लीकेशन बेस्ड रिसर्च, लो कार्बन एमिशन, वैकल्पिक ऊर्जा, एग्रीकल्चर प्रोडक्शन, ड्रोन टेक्नोलॉजी, बेहतर जीवन स्तर, स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण, कुशल और प्रभावी सेवाएं, नवाचार और रोजगार के अवसर, सामाजिक और आर्थिक विकास, स्मार्ट सोसाइटी, जैसे क्षेत्रों की रिसर्च प्रॉब्लम पर चर्चा की गई। इस अवसर पर निटर के डीन, प्रो आशीष देशपांडे, प्रो. पी.के पुरोहित, प्रो. पराग दुबे, प्रो दीपक सिंह सहित फैकल्टी मेंबर्स, रिसर्च स्कॉलर्स एवं स्टाफ मेंबर्स उपस्थित थे।

### सदस्यता अभियान पर भाजपा में चल रहा जमकर मंथन

# मंत्री-विधायकों से पहले संगठन ने और फिर सत्ता ने पूछा परफार्मेंस

## दिन में हितानंद, देर रात मुख्यमंत्री ने मंत्री-विधायकों से किया संवाद

भोपाल, दोपहर मेट्रो। मंत्री और विधायकों को परफार्मेंस की टेंशन सता रही है। टेंशन कितने सदस्य बनाए, इस बात की है। जिसमें सत्ता और संगठन दोनों तरफ से सवाल किए जा रहे हैं, परफार्मेंस पूछी जा रही है। प्रदेश में गुरुवार को यही हुआ। पहले भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने वीसी ली, जिसमें नेताओं से क्षेत्रवार सदस्यता अभियान को लेकर बातचीत की। देर रात करीब 9 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्री और विधायकों से वीसी के जरिए बातचीत की, जो करीब आधे घंटे चली। जिसमें 150 से अधिक मंत्री, विधायक जुड़े।



### प्रधानमंत्री के जन्मदिन को खास बनाने की तैयारी

प्रदेश सरकार व भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को खास बनाना चाहती है, इसके लिए स्वच्छता अभियान को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही है। यह अभियान 17 सितंबर से शुरू होगा, इसी दिन प्रधानमंत्री का जन्मदिन भी है। इस दिन से स्वच्छता ही सेवा है अभियान की शुरुआत हो रही है, जिसे मप्र सरकार स्वच्छता की अलख जगाकर खास बनाना चाहती है। मुख्यमंत्री ने वीसी में इसके लिए भी मंत्रियों व विधायकों को जिम्मेदारी दी हैं, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जन अभियान की तर्ज पर उक्त अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां करने के निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री बोले- अच्छे से अच्छा करना है...

सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री के पास पहले से मंत्रियों व विधायकों के क्षेत्र में अब तक बनाए सदस्यों की जानकारी वाली रिपोर्ट थी, जिसके तहत उन्होंने जोर दिया कि सदस्यता अभियान संगठन के लिए बहुत जरूरी हैं, हर हाल में अच्छा करना है। यह तभी होगा, जब मिलकर एक दिशा में काम करेंगे। लोगों को सुनेंगे और उन्हें भाजपा के कामों के बारे में बताएंगे। यह भी कहा कि हम जितने अधिक सदस्य जोड़ेंगे, उतने लोगों तक सीधे पहुंच सकेंगे और उन्हें सरकार के कामों की जानकारी दे सकेंगे। यह समाज के अंतिम छोर में बैठे लोगों को विकास से जोड़ने जैसा होगा। मंत्री और विधायकों ने भी सदस्यता अभियान से जुड़े कई विषयों पर बात की।



## लाडली बहनों को दें, मगर कर्मचारी भी कर रहे इंतजार




### मामला महंगाई भत्ता और महंगाई राहत का, 250 करोड़

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

एक तरफ जहां प्रदेश के 12 लाख कार्यरत सेवा निवृत कर्मचारियों को 4 फीसदी महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत 9 महीने से नहीं दी जा रही है जबकि उसमें महीने का लगभग 250 करोड़ रुपए खर्च आएगा वहीं प्रदेश की लाडली बहनों को 1250 रुपए प्रतिमाह सहायता दी जा रही है इसमें 1574 करोड़ रुपए हर महीने सरकार प्रदान कर रही है। कर्मचारी 9 महीने से इसका इंतजार कर रहे हैं। मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के सचिव उमाशंकर तिवारी ने कहा है अब मुख्यमंत्री द्वारा कहा गया है कि 5000 रुपए महीना भी लाडली बहनों को दिए जाएंगे, तो कर्मचारी उसका स्वागत करते हैं, लेकिन प्रदेश के कर्मचारी जो काम करते हैं सरकार की योजनाओं को क्रियान्वित करते हैं उनको महंगाई का सामना करने के लिए मिलने वाले महंगाई भत्ता/महंगाई राहत से वंचित किया जा रहा है जो कि दुखद है। लिहाजा सीएम त्योहारों के महीने के चलते कर्मचारियों के परिवारों पर अतिरिक्त के दृष्टिगत 9 महीने से आर्थिक लाभ से वंचित कर्मचारी को 4 फीसदी प्रतिशत महंगाई भत्ता/सेवानिवृत कर्मचारियों को महंगाई राहत जनवरी 2024 से प्रदान करने के निर्देश दें।

### जनजातीय वर्ग के होनहार विद्यार्थियों को मिली सुविधा, कई विद्यार्थी पढ़ाई पूरी कर स्वदेश लौटे

## विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना में अब तक 70 विद्यार्थी चुने गए, विदेश में पढ़ाई का सपना पूरा

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

होनहार विद्यार्थी का विदेश में पढ़ने का सपना पूरा करने लिए मप्र सरकार की विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा वित्त वर्ष 2003-04 से वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 में (10 सितम्बर तक) इस योजना के अंतर्गत 70 विद्यार्थियों का चयन किया जा चुका है। योजना का लाभ पाकर अब तक 62 विद्यार्थी विदेश अध्ययन के लिये प्रस्थान कर चुके हैं। इनमें से अधिकांश विद्यार्थी विदेश में अपनी पढ़ाई पूरी कर स्वदेश लौट चुके हैं।

दरअसल, इस योजना में होनहार विद्यार्थियों को विदेश में अध्ययन के लिये पात्रतानुसार छात्रवृत्ति दी जाती है। योजना के तहत वित्त वर्ष 2003-04 में एक, 2004-05 में दो, 2005-06 में दो, 2006-07 में चार, 2007-08 में पांच, 2009-10 में एक, 2010-11 में एक, 2012-13 में एक, 2014-15 में तीन, 2015-16 में




तीन, 2016-17 में चार, 2017-18 में तीन, 2018-19 में छह 2019-20 में चार, 2020-21 में दो, 2021-22 में छह, 2022-23 में आठ एवं वर्ष 2023-24 में छह विद्यार्थी उच्च अध्ययन के लिए विदेश भेजे गए हैं। योजना में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में चयनित एक-एक विद्यार्थी तथा वर्ष 2024-25 में चयनित छह विद्यार्थियों को उनके द्वारा चाहे गए संस्थानों में उच्च शिक्षा अध्ययन के लिए विदेश भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

### अब अतिथि शिक्षक 15 तक कर सकेंगे विकल्प चयन

लोक शिक्षण संचालनालय ने अतिथि शिक्षकों को लेकर नए दिशा-निर्देश जार किए हैं। जिसके अनुसार, अतिथि शिक्षक 15 सितंबर तक शाला विकल्प चयन और संशोधन करा सकेंगे। जारी आदेश में कहा गया है कि, कुछ अतिथि शिक्षकों द्वारा पंजीयन की प्रोफाईल को अनलॉक करने से उनके स्कोर कार्ड जनरेट नहीं हुए हैं। इसलिए उनके द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन के आधार पर उनकी योग्यता के दस्तावेजों का सत्यापन पोर्टल पर 13 तिसंबर तक अनिवार्य रूप में किया जाना है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सरकारी स्कूलों में रिक्त पदों के विरूद्व शाला विकल्प चयन एवं संशोधन करने की तिथि में 15 सितंबर तक की बढ़ोत्तरी की गई है।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख तय, फिर भी विदिशा और हरदा में आज बड़ा आंदोलन

### किसानों की मांग पर किसान नेता रंजीत किसानवंशी व कक्काजी के नेतृत्व में आंदोलन



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मोहन सरकार 25 अक्टूबर से प्रदेश में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी करने का ऐलान कर दिया है। तब भी विरोध प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज शुक्रवार को विदिशा के ग्यारसपुर व हरदा में बड़े आंदोलन हैं। हरदा में किसान नेता रंजीत किसानवंशी और ग्यारसपुर में कक्काजी के नेतृत्व में होने वाले आंदोलनों में बड़ी संख्या में किसानों के जुटने की संभावना है।



ये किसान सोयाबीन के दाम कम से कम 6000 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग कर रहे हैं, जबकि सरकार ने वर्तमान में 4892 रुपये देने का वादा किया है। किसानों का कहना है कि पूर्व की तुलना में लागत बढ़ी है, 4892 रुपये बहुत ही कम है। सोयाबीन खरीदी 31 दिसंबर तक चलेगी। किसान इसके लिए 25 सितंबर से 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकेंगे। समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी से इस सीजन में करीब 55 लाख हेक्टेयर में सोयाबीन बुआई करने वाले लाखों किसानों को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक के पहले दिन मंगलवार को समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी को लेकर चर्चा हुई थी। कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने बताया कि केंद्र को प्रस्ताव भेज दिया है। इस पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसी दिन शाम को मप्र के प्रस्ताव पर सहमति जताई थी। जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दूसरे दिन बुधवार को दिल्ली पहुंचे तो केंद्र ने खरीदी को अनुमति दे दी। सूत्रों के मुताबिक इसके बाद मुख्यमंत्री ने गुरुवार को कटनी रवाना होने से पहले मुख्य सचिव वीरा राणा को अधिकारियों के साथ बैठक कर खरीदी संबंधी तैयारियों को लेकर निर्देशित किया था। जिस पर सीएस ने अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें पंजीयन व खरीदी की तारीख तय की गई।

**मेट्रो एंकर** 100-100 शिक्षकों के लिए पांच एकड़ में होंगे इंतजाम

# 25 हजार महिला शिक्षकों के लिए फ्लैट देगा शिक्षा विभाग, तैयार करेगा इमारत

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

स्कूल शिक्षा विभाग गांवों और छोटे जिलों में पदस्थ महिला शिक्षकों के लिए आवास की व्यवस्था करेगा। इनके लिए फ्लैट बनाए जाने हैं। निर्माण के लिए हर जिले से पांच एकड़ खाली जमीन की जानकारी मांगी गई है। यहां 100-100 शिक्षकों के लिए बहुमंजिला इमारत तैयार की जानी है। यह पहला मौका है जब विभाग शिक्षकों के लिए आवास की व्यवस्था होने जा रही है। लोक शिक्षण संचालनालय ने इसके संबंध में निर्देश जारी किए हैं। सात दिन में जानकारी मांगी गई है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी है। इसकी एक मुख्य वजह आवास की व्यवस्था न होना बताया गया है। इसे आधार बनाते हुए स्कूल शिक्षा विभाग रहवासी क्षेत्र विकसित करने जा रहा है।

### डीपीआर तैयार की जा रही

लोक शिक्षण संचालनालय संचालक डीएस कुशवाहा ने बताया कि दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ महिला शिक्षकों के लिए आवास की योजना है। इसके लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। प्रदेश के सभी जिलों से जगह चिन्हित कर जानकारी मांगी है। यहां बहुमंजिला इमारत बनाई जाएगी।

***लोक शिक्षण संचालनालय ने हर जिले से कहा जमीन चिन्हित कर सात दिन में भेजे जानकारी***

***प्रदेश में एक लाख महिला शिक्षक, 94 हजार स्कूल हैं, इनमें एक लाख से अधिक महिला शिक्षक हैं, ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में इनकी संख्या 25 हजार से अधिक है***



### तीन से पांच एकड़ जमीन की जरूरत

बहुमंजिला इमारतें तैयार की जाएगी। जहां शिक्षकों को फ्लैट दिए जाएंगे। इमारत बनाने के लिए तीन से पांच एकड़ जमीन की जरूरत होगी। जिला शिक्षा अधिकारियों को ऐसी जगहें चिन्हित करनी है। यह आवासीय क्षेत्र में होनी चाहिए वहीं परिवहन सुविधा यहां से आसान होना चाहिए।

**ये जानकारी मांगी:** जिले में बड़े कस्बों और नगरों के नाम जहां आवास प्रस्तावित हैं। परिवहन सुविधा जहां से आसानी से मिले।




## संपादकीय

# बाजार, रिर्पोट और छवि

भारतीय शेयर बाजार पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट का साया भले न हो लेकिन अमेरिकी बाजार की मंदी उसे डरा रही है। जहां तक हिंडनबर्ग की दूसरी रिपोर्ट का सवाल है तो इसके बाद से सेबी की प्रमुख माधबी पुरी बुच पर लगे रहे आरोपों का सिलसिला भी अंतहीन सा होने लगा है। रिपोर्ट में सेबी की भूमिका और उद्योगपति अडानी ग्रुप के साथ संबंधों को लेकर इशारा किया गया था। हालांकि ये सब फिर भी अभी आरोप ही हैं, जो साबित नहीं हुए हैं। बावजूद इनसे संदेह का माहौल बन तो रहा है, जो एक बडी नियामक संस्था के प्रमुख के लिहाज से ठीक नहीं है। भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी इकॉनमी है और यहां का शेयर बाजार भी दुनिया के शीर्ष मार्केट्स में शामिल है। बड़े पैमाने पर यहां विदेशी निवेशक पैसा लगाते आए हैं, जिसके समय के साथ और भी बढ़ने की आशा है। इसलिये याद किया जा सकता है कि सेबी प्रमुख के पद पर माधबी पुरी बुच की नियुक्ति की खबर अपने साथ काफी पॉजिटिविटी लेकर आई थी। वह इस पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला तो थीं ही, पहली बार प्राइवेट सेक्टर के किसी फाइनैंस प्रोफेशनल को यह पद दिया गया था। जाहिर है, उनसे उम्मीदों का स्तर भी काफी ऊंचा था। ऐसे में उनका कार्यकाल जिस तरह के विवादों में घिरता दिख रहा है, वह वाकई निराशाजनक लग रहा है। जहां तक सवाल इस स्थिति को बदलने के लिए उठाए जाने वाले कदमों का है तो उस पर राय बंटी हुई है। एक खेमा विरोधियों और आरोप लगाने वालों का है जिनकी मांग है कि माधबी पुरी बुच को तत्काल सेबी चीफ का पद छोड़ देना चाहिए। दूसरी तरफ ऐसे लोग भी हैं जो मानते हैं कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और इस तरह पद छोड़ देने से विरोधियों के सामने घुटने टेक देने का संदेश जाएगा जो अच्छा नहीं है। लेकिन माधबी पुरी बुच की व्यक्तिगत छवि से ज्यादा बड़ा सवाल शेयर बाजार नियामक सेबी की साख और उसकी विश्वसनीयता का है। अगर यह मान भी लिया जाए कि माधबी पुरी बुच पर लगाए गए सारे आरोप गलत हैं और जैसा कि उनका दावा है, उन्होंने सेबी प्रमुख के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह पूरी सचाई और ईमानदारी से किया है तो यह बात स्थापित कैसे होगी? निष्पक्ष जांच ही इसका एकमात्र रास्ता है। मगर जांच की निष्पक्षता तब तक सुनिश्चित नहीं की जा सकती जब तक कि माधबी पुरी बुच खुद सेबी प्रमुख के पद पर बैठी हैं। समझना जरूरी है कि बाजार नियामक जैसी संस्थाओं की निष्पक्षता जितनी ही जरूरी है उसकी निष्पक्ष छवि। इसलिए सेबी चीफ जैसे पद पर बैठे व्यक्ति को लेकर किसी विवाद की गुंजाइश न रहे तो बेहतर हो सकता है। इसके लिए बाजार के डगमगाने या लुढ़कने का इंतजार करना सही नहीं होगा। बल्कि उनके ऊपर गंभीर आरोप लगाए गए हैं और उन्हें कुछ समय के लिये ही सही लेकिन पद से अलग हटकर जांच का सामना करने का नैतिक साहस दिखाना चाहिए। इससे सेबी और बुच दोनों की ही छवि में निखार ही आएगा। क्योंकि बहुत लंबे समय से भारतीय शेयर बाजार को लेकर कई तरह की बातें चल रही हैं। जब हिंडनबर्ग की पहली रिपोर्ट आई थी तो बाजार हिल गया था, तब भी रिपोर्ट में अंगुली अडानी समूह की तरफ उठाई गई थी। इसके बाद बचे बवाल की गूंज सियासी गलियारों से लेकर संसद तक भी पहुंची थी। इसलिए दुनिया की ताकतवर अर्थव्यवस्था बनने की राह पर चल रहे देश में बाजार व इससे जुड़ी शीर्ष संस्था की बेदाग छवि की ही दरकार होगी।

अपने और दुनिया के बीच संघर्ष में दुनिया को पीछे छोड़ो।

– फ़्रांज़ काफ़्का

## आज का इतिहास

- 1752 : ब्रिटेन और ब्रिटिश साम्राज्य ने आधिकारिक तौर पर ग्रेगोरियन कैलेंडर को अपनाया।
- 1770 : डेनमार्क में प्रेस की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।
- 1833 : विलियम वेंटिक, पहले गवर्नर जनरल बनकर भारत आए।
- 1901 : अमेरिकी राष्ट्रपति विलियम मैकेंजी की गोली मारकर हत्या।
- 1917 : रूस को आधिकारिक तौर पर गणतंत्र घोषित किया गया।
- 1923 भूतपूर्व केंद्रीय कानून मंत्री और अधिवक्ता राम जेठमलानी का जन्म।
- 1949 : संविधान सभा ने हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया।
- 1959 : सोवियत संघ का अंतरिक्ष यान पहली बार चंद्रमा की सतह पर उतरा।
- 1960 : खनिज तेल उत्पादक देशों ने मिलकर ओपेक की स्थापना की।
- 1998 : माइक्रोसॉफ्ट, जनरल इलेक्ट्रिक को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बनी।
- 2000 : माइक्रोसॉफ्ट ने विंडोज एम.ई. लांच किया।
- 2000 : प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अमेरिकी सीनेट के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित किया।
- 2001 : अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को पकड़ने के अभियान के लिए अमेरिका में 40 अरब डॉलर मंजूर किए गए।
- 2007 : जापान ने तानेगाशिया स्थित प्रक्षेपण केन्द्र से पहला चन्द्र उपग्रह एच-2ए प्रक्षेपित किया।
- 2008 : रूस के पेर्म हवाई अड्डे पर एअरोफ़्लोत का विमान दुर्घटनाग्रस्त। विमान में सवार सभी 88 लोगों की मौत।
- 2009: भारत ने श्रीलंका को 46 रन से हराकर त्रिकोणीय सीरीज का कॉम्पैक कप जीता।
- 2009 : भारत के लिएण्डर पेस और चेक गणराज्य के लुकास लोही ने महेश भूपति और मार्क नोल्स की जोड़ी को हराकर यू. एस. ओपन के पुरुष युगल का ख़िताब जीता।

## निशाना

### करते नाम ख़राब !



- कृष्णेन्द्र राय

बैठ कर विदेश में ।
करते नाम ख़राब ।।
इसके बल पर हर पल ।
देखते हैं ख़्वाब ।।
हुआ नहीं सुधार ।
अहम है समाया ।।
इन्हीं का परिणाम ।
होता रहा सफ़ाया ।।
तालमेल ये ठीक नहीं ।
जनता रही निहार ।।
ऐसी चाल चलने से ।
है गिरता आधार ।।
प्रतिक्रिया तो आनी ।
जो आती हर बार ।।
धीरे-धीरे इससे ।
घटता पुनः प्यार ।।

# अफगान महिलाओं के हाल पर सब मौन क्यों हैं? सबको पड़ी है अपने हितों की !

■ केएस तोमर



कूटनीतिक और मानवीय आधार पर अफगानिस्तान में महिलाओं की रक्षा करने में भारत अहम भूमिका निभा सकता है। भारत को शांति वार्ता में महिलाओं को शामिल करने की वकालत कर संयुक्त राष्ट्र की लैंगिक समानता वाली पहल का समर्थन करना चाहिए। अफगान महिलाओं को भारत में पढ़ने के लिए वित्तीय मदद और छात्रवृत्ति देने से भविष्य में वहां सशक्त महिला नेतृत्व तैयार हो सकता है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर भारत अफगान महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा और कानूनी सहायता उपलब्ध करवा सकता है। अतीत में भी भारत ने स्कूल और अस्पतालों के निर्माण तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण, जैसे तमाम कार्यक्रमों के जरिये अफगान महिलाओं की सहायता की है। तालिबान के पुनरुत्थान से उपजी चुनौतियों के बावजूद अंतरराष्ट्रीय मंचों पर महिला अधिकारों की लगातार वकालत करना भारत की उनके प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हालांकि मौजूदा हालात अफगान महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा करने के लिए बेहतर अंतरराष्ट्रीय प्रयासों की मांग करते हैं।

तालिबान शासन अपने पतन की ओर है, फिर भी वह समाज में महिलाओं की पहचान मिटाने में लगा है, जो उसके अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अलग-थलग होने का प्रमुख कारण है। मानवाधिकार संस्था एमनेस्टी इंटरनेशनल ने सुधार की कम गुंजाइश के साथ इसे 'धीमी गति से मौत ⁼ महिलाओं और लड़कियों की दुर्दशा' के रूप में चिह्नित किया है। लोग पीड़ित हैं, क्योंकि तालिबान सरकार को अंतरराष्ट्रीय मान्यता और वित्तीय मदद नहीं मिल रही है। भविष्य में भी यही स्थिति रह सकती है, क्योंकि वहां पहले से ही इतने कड़े प्रतिबंध हैं कि महिलाओं को चेहरा समेत पूरा शरीर ढकना होता है, यहां तक कि वे घर से बाहर आवाज भी नहीं निकाल सकतीं।

इन राजकीय प्रतिबंधों की वजह से महिलाएं सार्वजनिक रूप से गीत नहीं गुनगुना सकतीं एवं कुरान नहीं पढ़ सकतीं। साथ ही उनके पतले, तंग और छोटे कपड़े पहनने पर भी पाबंदी है। यही नहीं, कानून ने महिलाओं के घर में भी तेज आवाज में बोलने पर पाबंदी लगा रखी है। इस डर से कि उनकी आवाज चहारदीवारी से?बाहर न निकल जाए। शासनादेशों की वजह से बाल विवाह और जबरन विवाह बढ़ गए हैं। वहीं, जिन महिलाओं ने इन अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने की कोशिश की, उन्हें प्रताड़ित किया गया। दुनिया को इसके खिलाफ मुखर होना पड़ेगा। बाद में तीव्र प्रतिक्रिया जताने पर भी कोई परिणाम नहीं निकलेगा।

दूसरी तरफ, चीन का ध्यान अपने शिनजियांग क्षेत्र में अतिवादी गतिविधियों को रोकने पर है। चीन अपने भू-राजनीतिक और आर्थिक हितों के लिए महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आंखें मूंदकर तालिबान से संबंध बनाए रखना चाहता है। तालिबान के प्रति चीन का दृष्टिकोण दर्शाता है कि उसके यहां हो रहे मानवाधिकारों के उल्लंघन पर भी दुनिया का कोई देश हस्तक्षेप या आलोचना न करे। तालिबानी शासन से जुड़कर चीन अपनी पश्चिमी सीमाओं को स्थिर कर भू-राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र में वर्चस्व पाना चाहता है, खासकर जब अमेरिका और उसके सहयोगी अफगानिस्तान से पीछे हट रहे हैं। इसके अलावा, चीन की नजर अफगानिस्तान के खनिज संसाधनों के दोहन पर भी है। महिलाओं के प्रति तालिबान के नजरिये को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खासी नाराजगी है। जबकि चीन का ध्यान अपने रणनीतिक हितों को सुरक्षित करने पर है, इसलिए वह अफगानिस्तान में महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों की अनदेखी कर रहा है। बीजिंग मानवाधिकार?के मुद्दों से ज्यादा आर्थिक और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को तवज्जो देता है। चीन अफगानिस्तान से होकर अपने बेल्ट ऐंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) प्रोजेक्ट का विस्तार कर इस क्षेत्र में अपने निवेश को सुरक्षित करना चाहता है।

कूटनीतिक और मानवीय आधार पर अफगानिस्तान में महिलाओं की रक्षा करने में भारत अहम भूमिका निभा सकता है। भारत को शांति वार्ता में महिलाओं को शामिल करने की वकालत कर संयुक्त राष्ट्र की लैंगिक समानता वाली पहल का समर्थन करना चाहिए। अफगान महिलाओं को भारत में पढ़ने के लिए वित्तीय मदद और छात्रवृत्ति देने से भविष्य में वहां सशक्त महिला नेतृत्व तैयार हो सकता है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर भारत अफगान महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा और कानूनी सहायता उपलब्ध करवा सकता है। अतीत में भी भारत ने स्कूल और अस्पतालों के निर्माण तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण, जैसे तमाम कार्यक्रमों के जरिये अफगान महिलाओं की सहायता की है। तालिबान के पुनरुत्थान से उपजी चुनौतियों के बावजूद अंतरराष्ट्रीय मंचों पर महिला अधिकारों की लगातार वकालत करना भारत की उनके प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हालांकि मौजूदा हालात अफगान महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा करने के लिए बेहतर अंतरराष्ट्रीय प्रयासों की मांग करते हैं।

संयुक्त राष्ट्र व मानवाधिकार संगठनों समेत विश्व समुदाय ने महिलाओं के प्रति तालिबान के व्यवहार की निंदा की है, लेकिन ये प्रयास नाकाफी हैं। संयुक्त राष्ट्र को अफगानिस्तान में अपनी मौजूदगी बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। तालिबान की शत्रुता के चलते वहां संयुक्त राष्ट्र का प्रभाव काफी कम हो गया है। मानवीय मदद बेशक जरूरी है, लेकिन यह दीर्घकालीन समाधान नहीं है और तालिबान के प्रतिबंधों की वजह से अति जरूरतमंदों तक मदद पहुंच ही नहीं पाती। बयानबाजी के परे वहां संगठित वैश्विक दबाव बनाने की जरूरत है। मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए तालिबान को जवाबदेह ठहराने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनी ढांचे का लाभ उठाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उन महिलाओं के लिए सुरक्षित मार्ग तलाशना चाहिए, जो अफगानिस्तान छोड़ना चाहती हैं और संकट में रहने वालों को शरण देनी चाहिए।


वर्ष 2001 में अमेरिका ने तालिबान को सत्ता से बेदखल करने और अफगान महिलाओं को अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय का बेहतरीन नेतृत्व किया था। लेकिन 2021 में अमेरिका ने स्थिरता व समावेशी सरकार सुनिश्चित किए बिना अपने सैनिकों को वापस बुलाकर महिलाओं को उन्हीं ताकतों के हवाले कर दिया, जिनसे सुरक्षा दिलाने का वादा किया गया था। इसलिए तालिबान द्वारा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए अमेरिका को फिर से आगे आना होगा। अमेरिका आर्थिक मदद, कूटनीतिक पहल के साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संगठित करके तालिबान पर दबाव बना सकता है। अमेरिका को अपनी विदेश नीति के केंद्र में अफगान महिलाओं के हितों को रखना चाहिए। अफगान महिलाओं के अधिकारों की वकालत करने वाले माविस लीनो दंपती का कहना है कि तालिबान ने जीवन छोड़कर अफगान महिलाओं के लगभग सभी मानवाधिकार छीन लिए हैं।

अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी होते ही वहां की महिलाओं का बुरा वक्त शुरू हो गया और विश्व समुदाय, खासकर अमेरिका खुद को चौराहे पर पाता है, जहां वह अपनी नैतिक और रणनीतिक जिम्मेदारियों को लेकर जूझ रहा है। अरब देशों ने भी अपने राजनीतिक और आर्थिक हितों को मानवाधिकारों से ऊपर रखते हुए तालिबान की बर्बरता को मौन स्वीकृति प्रदान की है। अब विश्व समुदाय को इस भावना के साथ आगे आना चाहिए कि अफगान महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई पूरी दुनिया की महिलाओं के अधिकारों का संघर्ष है। अफगान महिलाओं को अकेले न छोड़ते हुए पूरी विश्व बिरादरी को उनके लिए लड़ना होगा। यह दांव बहुत बड़ा है, क्योंकि अभी चुप रहने के गंभीर परिणाम होंगे।

-साभार

# स्वच्छ जल का संकट उपलब्धता के साथ गुणवत्ता भी है जरूरी

■ दीपिका अरोड़ा



जल, जिसे जीवन भी कहा जाता है, किसी वरदान से कम नहीं है। इसके बिना जीने की कल्पना भी असंभव है। भारत, जो विश्व की 17 प्रतिशत जनसंख्या का निवास स्थान है, कुल वैश्विक भूजल का एक-चौथाई से अधिक उपयोग करता है। यदि पेयजल की उपलब्धता की बात करें तो वर्तमान में भारत के पास विश्व के मीठे जल संसाधनों का मात्र 4 प्रतिशत मौजूद है। देश की आवश्यकताओं को देखते हुए इसे चुनौतीपूर्ण स्थिति कहा जा सकता है। 'जल संचय जन भागीदारी पहल' की शुरुआत पर प्रधानमंत्री भी इसी विषय पर चिंता प्रकट करते नजर आए। घटते भूजल स्तर के मद्देनजर देश के प्रत्येक नागरिक को इसका दुरुपयोग रोकने और पुनर्चक्रण के मंत्र को अपनाने की जरूरत है।

जल संकट कमोबेश समूचे देश को अपनी चपेट में लेता जा रहा है। देश के अनेक हिस्से जल उपलब्धता से वंचित हैं। बीते दिनों दिल्ली और बेंगलुरु में पानी की भारी किल्लत देखने को मिली। राष्ट्रीय राजधानी के कई क्षेत्र ड्राई जोन घोषित किए गए। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 60 करोड़ भारतीय जल संकट का सामना कर रहे हैं। सुरक्षित जल की अपर्याप्त पहुंच के कारण प्रतिवर्ष लगभग 2 लाख लोग मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। यूनिसेफ द्वारा 18 मार्च, 2021 को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 9.14 करोड़ बच्चे जलाभाव की गंभीर स्थिति से जूझ रहे हैं। पेयजल की बढ़ती कमी में विगत कुछ वर्षों से वर्षा का बदलता प्रतिरूप काफी हद तक जिम्मेदार है। अनियमित एवं कम बारिश तथा बढ़ते तापमान के कारण सूखे जैसे हालात उत्पन्न हो रहे हैं। औद्योगिक व शहरी उपयोग के साथ भारत की 60 प्रतिशत से अधिक कृषि और 85 प्रतिशत पेयजल आपूर्ति भूजल पर निर्भर है। देश की निरंतर बढ़ती जनसंख्या के दृष्टिगत मांग का आपूर्ति पर भारी पड़ना असंतुलन का दायरा कई गुणा बढ़ा देता है। अपर्याप्त बुनियादी ढांचे के चलते अकारण जल रिसाव, वितरण में असमानता, अकुशल सिंचाई, अत्यधिक दोहन और जल संरक्षण के उपायों की कमी ने भी जल संकट बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।औद्योगिक कचरा, विविध रसायन, सीवेज और घरेलू अपशिष्ट जल स्त्रोतों में फेंकने अथवा आसपास डंप करने से जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे शुद्ध जल की मात्रा घट जाती है। लाखों भारतीयों तक सुरक्षित पेयजल की पहुंच न होने से जलजनित बीमारियों के मामले बढ़ गए हैं। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 163 मिलियन भारतीय सुरक्षित जल से वंचित हैं। 21 प्रतिशत संचारी रोग असुरक्षित जल से जुड़े हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत जल गुणवत्ता सूचकांक में 122 देशों की सूची में 120वें स्थान पर है, जहां लगभग 70 प्रतिशत जल संदूषित है।

जल प्रदूषण और दुरुपयोग का यह सिलसिला यूं ही जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब देश की आधे से अधिक आबादी जल संकट से जूझेगी। डीसीएम श्रीराम और सत्व नॉलेज की मार्च, 2024 में आई रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2050 तक देश के 50 प्रतिशत से अधिक जिलों में पानी की समस्या बढ़ सकती है। इस दौरान प्रति व्यक्ति पानी की मांग में 30 प्रतिशत और उपलब्धता में 15 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, यदि यही स्थिति रही तो 2050 तक देश में मौजूद जल का 40 प्रतिशत हिस्सा समाप्त हो सकता है।जल संरक्षण के संदर्भ में नियम-कानून बने होने तथा केंद्र-राज्य सरकारों द्वारा जल संरक्षण के प्रति जन जागृति फैलाने के लिए 'अटल भूजल योजना', 'कैच द रैन' और 'जल जीवन मिशन' जैसी अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। बावजूद इसके यदि हालात न सुधरें, तो स्पष्ट तौर पर न तो लोग इसे गंभीरता से ले रहे हैं और न ही नियम-कानूनों का समुचित क्रियान्वयन संभव हो पा रहा है। भारत का नाम जल संकट के अतिसंवेदनशील माने जाने वाले 37 देशों में सूचीबद्ध होना गहन मंथन का विषय है। जल संरक्षण के लिए आवश्यक है कि नवीन तकनीकों और नीतियों को अपनाते हुए ड्रिप सिंचाई जैसी टिकाऊ कृषि तकनीकों को बढ़ावा दिया जाए।

जैसा कि प्रधानमंत्री ने भी कहा, प्रकृति संरक्षण भारत की सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा रहा है। जल संचय केवल नीतियों तक सीमित न होकर एक पुण्यकर्म भी है, जिसमें उदारता और उत्तरदायित्व दोनों समाहित हैं। दूसरे शब्दों में, जल संरक्षण सामाजिक निष्ठा का भी विषय है, जिसका पालन हमारे पूर्वजों के लिए सर्वोपरि रहा। जल संकट एक स्वास्थ्य संकट है, और प्रत्येक नागरिक के लिए इसे समझना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री के कथनानुसार, यदि 'रिड्यूस', 'रियूज़', 'रिचार्ज' और 'रिसाइकिल' अपनी दिनचर्या के अभिन्न भाग बना लिए जाएं, तो निस्संदेह हर बूंद सहेजने का यह प्रयास संजीवनी बनकर कितने ही लोगों का जीवन बचा सकता है। इससे बढ़कर परोपकार और क्या हो सकता है !

साभार

# सिवनी मालवा के एक ही परिवार के तीन लोगों ने की आत्महत्याएं

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

उप नगरी बनापुरा में बीते रोज हुई आत्महत्या की घटना से सभी आहत हो गए और जिसने भी यह खबर सुनी सबके मन से बस एक ही बात निकली की है भगवान यह क्या हो गया। आखिर क्यों पिता पुत्र ने ट्रेन के सामने अपनी जान देकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी तो इस बात की जानकारी लगते ही पत्नी ने भी फांसी के फंदा लगाकर इस दुनिया से अलविदा कह कर चली गई हालांकि मामला गंभीर है पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है और आत्महत्या करने का कारण खोज रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार





### एक ही परिवार के तीन लोगो ने आत्महत्या की

ग्राम रुपा देह के रहने वाले संदीप लौवंशी उम्र 32 साल, दक्ष लोवंशी उम्र 6 साल ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली आत्महत्या की जानकारी लगते ही संदीप की पत्नी पूजा लोवंशी उम्र 29 साल ने भी घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने पिता और पुत्र के सब को रेलवे ट्रैक से लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर तीनों का पोस्टमार्टम करने बाद शवो को परिजनों को सोपा। पुलिस ने इस पूरे मामले में मर्ग कायम कर मामले की विवेचना की जा रही है

# पौधारोपण कर उसकी देखभाल करना भी हमारा दायित्व है: डॉ.जोशी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



नर्मदा कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों और समस्त स्टाफ को पौधारोपण के लिए 4500 पौधे वितरित किए गए ।विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ अमिता जोशी ने कहा कि जब तक पौधारोपण जन आंदोलन का रूप नहीं ले लेता तब तक हमारे पर्यावरण पर संकट के बादल मंडराते रहेंगे ।यह एक जन आंदोलनकारी कार्यक्रम है। सभी लोगों से अपील है कि पौधे लगाकर उनकी देखभाल भी करना हमारा दायित्व है। डॉ ममता गर्ग ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम करने के लिए वृक्षों का होना अति आवश्यक है ।डॉ राजेश दीवान, डॉ आशीष तोमर ,डॉ रवि उपाध्याय, डॉ महेश मानकर डॉसुनील दिवाकर ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया ।कार्यक्रम में एन एस एस और एनसीसी के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।उत्कर्ष ,कुंदन ,आशुतोष , आयुषी,मुस्कान ,सीमा, स्वाति परिहार ,अभिलाष, रीना ,मनीष, राजकुमार ,शिविका दुबे सहित अनेक विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने , अपने घरों में ,मंदिर , सार्वजनिक स्थानों पर लगाने के लिए वृक्ष प्राप्त किए।

## कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा में आयोजित की गई विज्ञान जागरूकता अंतर्गत कार्यशाला



**नर्मदापुरम।** रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल के विज्ञान संचार केन्द्र के डायरेक्टर डॉ. प्रबल राय एवं उनकी टीम और मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से जनजातीय विभाग के विद्यालयों में स्क्वस्ज्ञ द्वारा परियोजना ÷साइंस अवेयरनेस प्रोग्राम इन ट्राइबल स्कूल ऑफ एमपी ÷ के तहत विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम किया गया है। इसी तारतम्य में कन्या शिक्षा परिसर विद्यालय पवारखेड़ा में विज्ञान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान प्रदर्शन व्याख्यान द्वारा विज्ञान शिक्षा को अधिक आकर्षक बनाने तथा अंधविश्वास को दूर करने के उपाय बताए गए तथा विज्ञान इंटरनेट ऑफ थिंग्स, सौर ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर व्याख्यान दिए गए। विज्ञान फिल्म प्रदर्शनी द्वारा छात्राओं को विज्ञान के रहस्यों के बारे में आसान व सरल भाषा में समझाया गया तथा विज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजित की गयी जिसमें छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समुचित समाधान किया गया। कार्यशाला कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा में आयोजित की गयी जिसमें प्राचार्य श्रीमती जॉयस सॉलोमन एवं समस्त शिक्षकों की सहभागिता रही है।

## पेशे के साथ इन्साफ करने से समाज मे सम्मान बढ़ता है: जेपी यादव



**नर्मदापुरम।** शिक्षकों में कर्तव्यनिष्ठा, समय पालन, शिक्षा गुणवत्ता और अभिनव कार्य को प्रेरित करने के उद्देश्य से जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम संभाग जेपी यादव ने भैंसदेही विकासखंड के शिक्षकों से साथ शिक्षक प्रेरणा संवाद किया। प्रदेश में अपनी तरह की यह पहली अभिनव पहल है, जिसमे सभी शिक्षकों से संवाद कर उन्हें समय से स्कूल पहुंचकर ईमानदारी से कर्तव्य पालन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री यादव ने शिक्षकों से कहा कि नौकरी ने हमे जीवन जीने के संसाधन प्रदान किये और जीवन स्तर को उन्नत किया इसलिए हमें इसका सम्मान करना चाहिए। शिक्षक का पेशा सबसे महत्वपूर्ण है, यह नई पीढ़ी को जीवन की राह दिखाकर भविष्य बनाने मे सबसे ज्यादा सहयोगी है। समाज की इस धारणा को बदलना है की सरकारी स्कूल के शिक्षक कर्तव्यनिष्ठ नही है।शिक्षकों ने बताया की आज के कार्यक्रम से सच मे बहुत सी चीज़ें सीखने को मिलीं बहुत प्रेरणा भी मिली, ऐसे आयोजन समय समय पर होते रहना चाहिए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जी. सी. सिंह, विकासखंड के प्राचार्य तथा लगभग 550 शिक्षक उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर किशोर अवस्था की युवतियों में उचित आहार पर हुई बातचीत





**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

महिला एवं बाल विकास विभाग के 1 से लेकर 30 सितंबर तक चल रहे पोषण माह अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र भड़गचिकली एवं हिरणखेड़ा केंद्र क्रमांक 3 पर कार्यक्रम के आयोजन किए गए हिरणखेड़ा में पर्यवेक्षक श्रीमती सुचित्रा राजावत द्वारा माध्यमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र की महिलाओं से किशोरावस्था में उचित आहार पर बातचीत की गई। उन्हें समझइश दी गई की किशोरावस्था में शरीर में तेजी से वृद्धि और विकास होता है इस समय के पोषण का ध्यान रखा जाए तो वह भविष्य में स्वस्थ रहेगी संतुलित आहार के लिए भोजन में सभी तरह के आहार की उचित मात्रा शामिल करना चाहिए जिससे सभी तत्व बराबर मात्रा में मिलेंगे किशोरावस्था में किशोरियों को पर्याप्त भोजन नहीं मिलने पर उनमें एनीमिया की शिकायत हो जाती है। एनीमिया एक व्यापक स्वास्थ्य संबंधी समस्या है एनीमिया यानी खून की कमी कि वह स्थिति जब खून में मौजूद हीमोग्लोबिन का स्थान निर्धारित मानक से नीचे चला जाता है तो खून में ऑक्सीजन का प्रवाह कम हो जाता है खून का रंग फीका पड़ जाता है एनीमिया की स्थिति होने पर किशोरियों के खास लक्षण है काम में ध्यान ना लगाना चिडचिडाहट सर दर्द चक्कर आना हृदय का तेजी से धड़कना थोड़ा सा काम करने पर अत्यधिक थकावट और सांसों का फूलना पलकों की भीतरी सतह पर पीलापन त्वचा पर पीलापन नाखूनों का आकार चम्मच जैसा हो जाना पैरों में सूजन इसके कारण होते हैं कि भोजन में लोह तत्व की कमी के कारण है भोजन में उसका अवशोषण बढ़ाने वाले पदार्थ जैसे विटामिन सी की कमी होना बार-बार संक्रामक बीमारियां या पेट में कीड़े लगना बार-बार मलेरिया होना इस आयु में तीव्रतम बढ़ोतरी के कारण शरीर को लवण की आवश्यकता बढ़ना माहवारी के कारण खून की कमी होना इसके परिणाम होते हैं। काम करने की क्षमता और उत्पादन में कमी हो जाना बीमारियों से लड़ने की ताकत में कमी आना और बार-बार बीमार पढ़ना प्रतिकूल प्रसूति परिणाम जैसे जच्चा की मृत्यु होना समय से पहले कम वजन का बच्चा होना शिशु जन्म दर के बाद मृत्यु हो जाना पढ़ाई में पिछड़ना वजन व ऊंचाई की बढ़ोतरी में कमी इसलिए 10 से 19 साल की साला त्यागी साला प्रवेशी विवाहित सहित जो गर्भवती ना हो सभी किशोरियों को आई आयरन एवं फोलिक एसिड की गोलियां सप्ताह के प्रति मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्कूल शिक्षिका की निगरानी में खिलाना चाहिए किशोरियों को सप्ताह में एक बड़ी नीली गोली लेना चाहिए साल में 52 आईएफए की गोलियां किशोरियों को लेना चाहिए यह गोलियां आंगनबाड़ी केंद्र पर उपलब्ध रहती है आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्वयं भी खाए और किशोरियों को भी खाने को प्रोत्साहित करें खाना खाने के बाद गोली को पानी के साथ लेना है अगर किशोरी बालिका को खून की कमी है तो डॉक्टर एंड नर्स की सलाह से गोलियों का सेवन जारी रख सकती है अगर गोली खाने के बाद जी मिचलाना चक्कर आना जैसे प्रभाव होते हैं तो रात में भोजन के पश्चात सोने से पहले गोली खाने की सलाह डॉक्टर ने नर्स द्वारा दी जाती है गोली के सेवन से शुरू में कब्ज जी मचलना उल्टी होना के प्रभाव हो सकते हैं जो की लगातार गोली के सेवन से दूर हो जाते हैं किशोरियों को आईएफए की गोलियां खाने के पश्चात एक गिलास पानी का सेवन अवश्य करें गोली खाली पेट कभी नहीं खाना चाहिए कोई एक मौसमी फल कच्ची सब्जी सलाद भोजन का अभिन्न हिस्सा बनना चाहिए चाय और काफी में मौजूद कैफीन भोजन के लोह तत्व तत्वों का अवशोषण में बाधा डालता है इसलिए खाने के साथ चाय और काफी नहीं पीना चाहिए चाय या अन्य चीजों के साथ इस की गोली नहीं खाना चाहिए किशोरियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधित सही आदतें एवं कृमि संक्रमण की रोकथाम हेतु पैरों में चप्पल पहनना चाहिए संतुलित आहार और आईएफए गोलियों के सेवन से एनीमिया से बचा जाता है इसलिए गोलियों का सेवन जारी रखना चाहिए एनीमिया से बचाव के लिए भोजन में पर्याप्त सबूत अनाज अंकुरित दाने अरबी सहजन मंगा गुड खजूर मूली गाजर चुकंदर आदि के पत्ते मोटा अनाज जैसे दलिया तिल काला हरी पत्तेदार सब्जियां तरबूज इत्यादि का सेवन करना चाहिए इन तत्वों के अवशोषण को बढ़ाने वाले पदार्थ विटामिन सी वाली सब्जी फल संतरा मौसम भी नींबू अमृत वाला सभी मौसमी फल जैसे पपीता चीकू केला अंगूर आम अंकुरित और खमीरीकृत के खाद्य पदार्थों का प्रयोग करना चाहिए केंद्र पर उपस्थित बच्चों की वजन ऊंचाई का सत्यापन किया इस अवसर पर शिक्षिका अर्चना पाटिल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कीर्ति गोस्वामी एवं सहायिका संगीता लोवंशी सुनीता गौड़, मंसूरी बाई, बालिकाए सलोनी सुहाना सिमरन रितु प्रिया प्रीति महक रानू उपस्थिति रही।

## राष्ट्रीय पोषण माह: आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया जा रहा राष्ट्रीय पोषण माह सप्ताह



**नर्मदापुरम.**राष्ट्री य पोषण माह अंतर्गत द्वितीय सप्ताह थीम वृद्धि माप सत्यापन /निगरानी अभियान के तहत सेम/मेम में बच्चों की पहचान, पोषण माह कार्यक्रम परियोजना नर्मदा पुरम शहरी सेक्टर 3 के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 17 /2 में किया गया। जिसमें थीम आधारित विषयों पर महिला बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक श्रीमती चंद्र किरण डोले द्वारा बच्चों की वृद्धि माप लेकर सत्यापन किया गया। वृद्धि निगरानी के महत्व के बारे में पोषण की कमी से होने वाले दुष्प्रभाव व कुपोषण के प्रकार पर विस्तृत जानकारी ग्रोथ चार्ट के माध्यम से जानकारी दी गई। पोषण आहार प्रदर्शनी लगाई गई। आदि पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक श्रीमती चंद्र किरण डोले, आंगनबाड़ी सहायिका पुष्पा केवट, वार्ड की हितग्राही महिलाएं और बच्चे, लाडली बहनें उपस्थित रहे। इसी प्रकार राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत परियोजना शहरी के सेक्टर 4 के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 25.2 में किया गया। जिसमें शारीरिक माप लेकर बच्चों के सेम/मेम चिन्ह अंकित किया गया एवं उपस्थित हितग्राहियों को पोषण प्रदर्शन के माध्यम से सही पोषण के बारे में बताया गया एवं साप्ताहिक थीम के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र पर हैण्?डवास की गतिविधि करवाई गई एवं पर्यवेक्षक आस्था शिवहरे के द्वारा सभी को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं बाहरी स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी गई कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता मालवीय एवं वार्ड के हितग्राही उपस्थित थे।

# शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज नर्मदापुरम में द्वितीय चरण की काउंसलिंग प्रारंभ

### इच्छुक उम्मीदवार 15 सितंबर तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम में संचालित 05 पाठ्यक्रम में प्रवेश की संस्था स्तर पर द्वितीय चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया 11 सितंबर से प्रारंभ हो गई है। संस्था में संचालित त्रि-वर्षीय तकनीकी डिप्लोमा पाठ्यक्रम सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग कोर्स में प्रवेश योग्यता कक्षा-10 वी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसी प्रकार मॉडर्न आफिस मैनेजमेंट की प्रवेश अर्हता के लिए कक्षा 12वी (किसी भी विषय में) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। विद्यार्थी संस्थान में त्रि-वर्षीय तकनीकी डिप्लोमा पाठ्यक्रम जिसमें सिविल इंजीनियरिंग में रिक्त सीटों की संख्या 42 पर आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार मैकेनिकल इंजीनियरिंग की 46 इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की 38, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की 18, मॉडर्न आफिस मैनेजमेंट की 49 इस प्रकार सीएलसी राउंड की कुल रिक्त 193 सीटों के लिए आवेदन कर सकते हैं।



प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय डॉ पी सी नरवरे ने बताया है कि विद्यार्थी के प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक 15 सितंबर 2024 तक रात 11ः45 बजे तक खुली रहेगी एवं 15 सितंबर 2024 को विद्यार्थी स्वयं अपने दस्तावेजों की मूल प्रति सहित संस्था में सुबह 10ः00 बजे उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकते है।प्रवेश संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु निम्न अधिकारी आर. आर. चन्द्राकर (विभागाध्यक्ष)-7999982337, देवेश तिवारी (विभागाध्यक्ष)-7999832684, एवं अजय चंडाले (व्याख्याता)-8871138780 से संपर्क कर सकते है।

## पिता की स्मृति में बुजुर्गों के लिए तैयार कराई लाइब्रेरी, वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

**इटारसी।** न्यू यार्ड में रहने वाले बुजुर्गों को अब मोहल्ले में ही लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध होगी। आसपास रहने वाले रिटायर्ड रेल कर्मचारी एवं बुजुर्ग यहां पर बैठकर इसका लाभ अर्जित कर सकेंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र दीक्षित ने अपने जन्मदिन को सादगी पूर्ण तरीके से मनाते हुए अपने पिता क्रांति कुमार दीक्षित की स्मृति में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। अपने स्वर्गीय पिता रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी क्रांति कुमार की दीक्षित की याद में यार्ड में क्रांति सदन भवन का निर्माण कराया गया है। जिसका शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से व्यापारी संघ के अध्यक्ष दीपक हरिनारायण अग्रवाल, संदेश पुरोहित, उमेश पटेल, पार्षद शिवकिशोर रावत, राजा तिवारी, मुन्ना वर्मा, भवानी दुबे, रमेश पाटिल सहित अन्य लोगों ने बुजुर्गो का सम्मान करते हुए दीक्षित के इन प्रयासों की सराहना की।





# गणपति जी के साथ रामचंद्र की प्रतिमा भी झांकी में विराजमान



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगर से लेकर ग्रामीण चलन में बड़े ही उल्लास से गणपति जी की आराधना की जा रही है। सुबह-शाम विशेष आरती के गजानंद जी की जा रही है कई झांकियां में सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे जा हैं एक से बढ़कर एक प्रतिमाएं विराजमान है जहां पर दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता ता लगा रहता है दूसरी और कुरवाई रोड़ पर एडवोकेट धर्मेंद्र रघुवंशी के द्वारा लगाई गई झांकी पर गणपति जी के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी की प्रतिमा हुई विराजमान है जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण पहुंचकर दर्शन करके धर्म लाभ ले रहे हैं ।इसके अलावा शहर के अन्य स्थानों पर भी लगी झांकियां में रात्रि के समय दर्शन और आरती में सम्मिलित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं घरों पर भी सुबह-शाम गणपति जी की आराधना की जा रही है क्योंकि रिद्धि सिद्धि के ताता की जिस पर कृपा होती है उसकी झोलियां भी भर जाती है घर में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होती हैं।

# एसडीएम ने शासकीय अस्पताल में सोनोग्राफी जांच सुविधा उपलब्ध कराने लिखा पत्र

**सिरोंज।** शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में सोनोग्राफी मशीन से लेकर अन्य जांच की सुविधा नहीं होने के कारण मरीजों को जांच करवाने के लिए भोपाल ,विदिशा ,गुना आदि जाना पड़ता पड़ता है। जांच की सुविधा नगर के शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में उपलब्ध हो उसके लिए पिछले दिनों इंडियन वोटर्स क्लब ने अनुविभागीय अधिकारी, एवं ब्लॉक मेडिकल अफसर को राजीव गाँधी अस्पताल मे सोनोग्राफी आदि की जांचो के सम्बन्ध मे आवेदन दिया था अधिकारियों ने आवेदन को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने कलेक्टर , और ब्लॉक मेडिकल अफसर ने, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, को एक पत्र भेजा है जिसमे राजीव गाँधी अस्पताल मे सोनोग्राफी, आदि मशीनों के उपकरण लगाने के लिए पत्र लिखा है,। इंडियन वोटर्स क्लब के जिला अध्यक्ष ज़फर खान हां किस तरह की सुविधा यहां पर होगी तो मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा और जल्दी जांच भी हो जाएगी।

# ईद मिलादुन्नबी पर पुराने अस्पताल, में होगा रक्त दान शिविर

**सिरोंज।** ईद मिलादुन्नबी दिनाक 16 सितम्बर को होने जा रहा है जिसमे शहर मे विभिन्न कार्यक्रम होने जा रहे है आल इण्डिया मुस्लिम तेओहार कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने बताया की ईद मिलादुन्नबी पर, स्थानीय पुराने अस्पताल जो की मोहल्ला तलैया में स्थित है उसमें ईद मिलादुन्नबी के दिन पीर ( सोमवार )के दिन रक्त दान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जो सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा, आयोजन समिति के मौलाना अब्दुल्लाह इब्राहिमी ने बताया की इंसानियत की खिदमत करने के लिए ब्लड डोनेट कैंप बहुत जरुरी है इससे कई मरीजो को बहुत फायदा होगा।

## कागजी खानापूर्ति साबित हुआ जनपद पंचायत द्वारा जारी किया गया जांच आदेश

# अब किस तरह से रूकेगा ग्राम पंचायत में फैला हुआ भ्रष्टाचार

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।




जनपद पंचायत नटेरन की ग्राम पंचायत बाढेर द्वारा मनमाने तरीके से बिना किसी डर जिस तरह से फर्जीवाड़ा किया गया,और ग्राम पंचायत द्वारा जो फर्जीवाड़ा किया गया यह खबर समाचार पत्र में प्रकाशित होने के बाद मामला अधिकारीयों के संज्ञान में आया उसके बाद आनन-फानन में कागजी खानापूर्ति करते हुऐ जनपद पंचायत द्वारा जांच आदेश जारी कर दिया गया लेकिन कार्यवाही करने के नाम पर दो महीने से ऊपर का समय बीत गया,अब तक जांच नहीं हुई जांच अधिकारीयों द्वारा बताये अनुसार कार्यवाही का होना बहुत दूर की बात है। जिस तरह से सरपंच सचिव के हौसले बुलंद हैं,उसे देखकर तो ऐसा लगता है जैसे कि इन्हें जनपद पंचायत का संरक्षण प्राप्त है ऐसा देख कर लगता है। ग्राम पंचायत द्वारा जिस तरह से वाउचर के माध्यम से भुगतान किया गया वह देखने लायक है,और सबसे बड़ी बात तो यह है कि ग्राम पंचायत का आडिट कैसे हो जाता है।

### जिस तरह से यह भुगतान किया गया है।

वह विचारणीय पहलू है। जब इस तरह से ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान वाउचर डाले जाते हैं उस वक्त यह किसी को दिखाई क्यों नहीं देते हैं। क्योंकि ग्राम पंचायत बाढेर द्वारा 11-12024 को पन्द्रहवे वित्त की राशि से ज्ञान सिंह को साफ सफाई के लिये 32 हजार रूपये का भुगतान किया गया, वहीं दूसरी तरफ पुनः दिनांक 4-9-2023 में ज्ञान सिंह को 35 हजार रूपये पन्द्रहवे वित्त से सी सी रोड निर्माण के लिये भुगतान किया गया है।

दिनांक 4-9-2023 को रणधीर सिंह मीना को नाली निर्माण कार्य के लिये पन्द्रहवे वित्त से 32 हजार रूपये का भुगतान किया गया।

वहीं दूसरी तरफ पुनः ज्ञान सिंह को किये गये भुगतान की तरह ही दिनांक 11-1-2024 को पन्द्रहवे वित्त से साफ-सफाई के लिये रणधीर सिंह मीना को 32 हजार रूपये का भुगतान किया गया।जनपद पंचायत हो या फिर ग्राम पंचायत सब रामभरोसे चल रहे हैं।नियम विरुद्ध ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा वाउचर के माध्यम से हजारों लाखों का भुगतान

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा जिस बाउचर के माध्यम से राशि का भुगतान किया जाता है। उक्त भुगतान बाउचर 10 हजार से कम की राशि का भराता है, और यदि 10 हजार से अधिक राशि का भुगतान बाउचर भर कर किसी को भुगतान किया जाता है तो वह वैध नहीं है।इस के अलावा भुगतान वाउचर पर कैश बुक नं प्राप्त करता के हस्ताक्षर भुगतान कर ने की दिनांक रशीदी टिकट लगाना होता है,

लेकिन ग्राम पंचायत वाउचर के माध्यम से भुगतान करते समय नियमों का पालन नहीं करते बल्कि मनमर्जी से नियम विरुद्ध भुगतान करते हैं।गौशाला का संचालन ग्राम पंचायत करे या गौशाला समिति संचालन करें,व्यक्तिगत खाते में भुगतान नहीं किया जाता बाकायदा किसी को भी भुगतान करने से पूर्व ठहराव प्रस्ताव पारित किया जाता है।कैश बुक लिखी जाती है उस के बाद ही भुगतान किया जाता है।लेकिन अधिकतर ग्राम पंचायत ऐसा करना उचित नहीं समझती और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की जगह मनमानी करती हैं,उन्हीं ग्राम पंचायतों में से एक है ग्राम पंचायत बाढेर जहां पर नियम और कानून को ताक में रखकर हजारों लाखों रुपये का भुगतान वाउचरों के माध्यम से किया है। जिसे कोई देख ने बाला नहीं है नियम अनुसार पोर्टल पर जिस तरह से भुगतान वाउचर को अपलोड किया जाता है। ठीक उसी तरह ठहराव प्रस्ताव भी अपलोड किया जाता है,लेकिन ऐसा ग्राम पंचायत इस डर से इस लिये नहीं करती ग्राम पंचायत में किया जा रहा फर्जीवाड़ा सार्वजनिक हो जायेगा।

### ग्राम पंचायत द्वारा किये गये भुगतान पर एक नजर

1- भुगतान प्राप्त करने वाले का पोर्टल पर ग्राम पंचायत द्वारा दर्ज किये गये अनुसार विक्रेता का नाम प्रेम सिंह मीणा

विक्रेता आईडी 3069 313

1-बिल आईडी 1375 17 11 बिल दिनांक 27-5-2024 राशि 5000

2-बिल आईडी 1363 6438 बिल दिनांक 2-5-2024

राशि 80000

**3-बिल आईडी 14021072**

बिल दिनांक 25-07-2024 140000

बिल आईडी 1363 6450 बिल दिनांक 02-05-2024

राशि 100000

2- भुगतान प्राप्त करने वाले का पोर्टल पर ग्राम पंचायत द्वारा दर्ज किये गये अनुसार विक्रेता का नाम अशोक मीणा निवासी बाढेर

**विक्रेता आईडी 3086 814**

1-बिल आईडी 1418552

दिनांक 29-8-2024

राशि 21000

2- बिल आईडी 14021038

बिल दिनांक 25-9-2024

21000

3-बिल आईडी 13751699

बिल दिनांक 27-5- 2024 राशि 5000

3-भुगतान प्राप्त करने वाले का पोर्टल पर ग्राम पंचायत द्वारा दर्ज किये गये अनुसार विक्रेता का नाम नितिन कुमार मीणा विक्रेता आईडी 3069310

**बिल आईडी 14185821**

बिल दिनांक 29-8- 2024 राशि21000 बिल आईडी 14021056

बिल दिनांक 25-7- 2024 राशि 21000

# तीन दिनों से रुक-रुक कर होती रही बारिश



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

तीन दिनों से बारिश का दौड़ जा रही है , नगर में गुरुवार को भी थोड़ी देर के लिए रुक-रुक कर हल्की बारिश हुई पर जोरदार बारिश शहर अभी भी नहीं हो रही है जिस तरह की बारिश की आवश्यकता नगर को है वैसी बारिश शायद अभी होती हुई नजर नहीं आ रही है। आने वाले दिनों में होगी तो ही डेम भर पाएगा नहीं तो डेम इस साल खाली रह जाएगा जिस तरह की हालत अभी नजर आ रहे हैं। तीन दिनों से मौसम मेहरबान है आसमान पर बादलों का डेरा है बारिश का दौर भी चल रहा है सूर्य देवता के दर्शन भी नहीं हो रहे हैं इस वजह से मौसम में जरूर ठंडा खुल गई है गर्मी से राहत जरूर नगर वासियों को मिल गई है ।

## निशुल्क पत्रकार बीमा योजना लागू करने दिया ज्ञापन

# अंतिम तिथि बढ़ाने व उम्र की तर्ज पर योजना चलाने की मांग

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

मध्यप्रदेश सरकार के जनसंपर्क विभाग द्वारा पत्रकार कल्याण बीमा कराने के जारी विज्ञापन में अधिमान्य और गैर अधिमान्य पत्रकारों के लिए बड़ाई गई बीमा प्रीमियम राशि को निशुल्क करने और बीमा करने की तारीख बढ़ाने को लेकर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश पर जिला इकाई विदिशा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि बीजेपी की उत्तरप्रदेश सरकार में पत्रकारों के लिए निशुल्क बीमा योजना है उसी प्रकार मप्र में भी इससे लागू किया जाए। मध्यप्रदेश सरकार श्रम जीवी पत्रकारों के स्वास्थ्य बीमा और दुर्घटना बीमा योजना वर्ष 2004-25 के लिए बढ़ाई गई प्रीमियम राशि को सहानभूतिपूर्वक शून्य करें।

इसके साथ ही मध्यप्रदेश में भी उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकार की तर्ज पर पत्रकारस्वास्थ्य बीमा योजना निशुल्क लागू किए जाने औरआवेदन करने की तिथि 20 सितंबर से 30 सितंबर तक बढ़ाने की घोषणा करे। साथ ही संघ के सभी लोगो ने एसपी दीपक कुमार शुक्ला और एडिश्नल एसपी डॉ प्रशांत चोबे से भेंट कर समस्यों से अवगत कराया। इस अवसर परजिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह भदोरिया, जिला महासचिव हकाम सिंह रघुवंशी, जिला संयुक्त सचिव रवि चौरसिया, नगर अध्यक्ष विदिशा आर के वासुदेव, नगर अध्यक्ष गंज बासौदा अभिनय श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष पठारी चेतराम साहू, नगर अध्यक्ष लटेरी योगेश पंथी, जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह भदोरिया, जिला महासचिव हकाम सिंह रघुवंशी, जिला संयुक्त सचिव रवि चौरसिया, नगर अध्यक्ष विदिशा आर के वासुदेव, नगर अध्यक्ष गंज बासौदा अभिनय श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष पठारी चेतराम साहू, नगर अध्यक्ष लटेरी , त्योंदा अध्यक्ष माधो प्रसाद दुबे , विजय अरोरा, अमर सेन, अंकित चतुर्वेदी, जगदीश बाबू योगी, वीरेंद्र विश्वकर्मा पठारी, कोमल प्रसाद सेन विदिशा, मोहन जाटव नेटरण, घनश्याम पंथी लटेरी, विवेक शर्मा, नशीम खान, पवन कुशवाह, मुजीब खान, उदयभान यादव, योगेश पंथी, प्रदीप बघेल, राजकुमार बघेल, मुन्नवर खान सहित मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिले के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर**

## छोटे बाजार में नगर पालिका का अमला अतिक्रमण हटाने पहुचा

# दुकानदारों ने पक्षपात के आरोप लगाते हुए किया विरोध

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

**नगर पालिका प्रशासन के द्वारा बरसते पानी में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई जिसको लेकर कई व्यापारियों ने विरोध भी किया और अमले के साथ तीखी नोंक झोंक भी हुई जब टीम कार्रवाई करने के लिए पहुंची तो यहां पर जिम्मेदार अधिकारी नहीं थे इसके कारण अतिक्रमण दल के प्रभारी और अन्य कर्मचारी व्यापारियों के विरोध का ज्यादा सामना भी नहीं कर पाए ।जबकि पिछले दिनों शांति समिति की बैठक में एसडीएम ने बरसात के समय में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं करने की बात कही थी इसके बाद भी इस तरह की कार्रवाई करके दुकानदारों को परेशान करने का काम जरूर किया जा रहा है इसके कारण विरोध के हालात निर्मित हुए।**



गुरुवार को दोपहर 1 बजे के करीब नगर पालिका का अमला जेसीबी लेकर जनपद कार्यालय से लेकर छोटे बाजार में अतिक्रमण हटाने पहुंच यहां कई दुकानदारों ने पर पक्षपात के साथ नगर पालिका प्रशासन पर कार्रवाई करने आरोप लगाते हुए इस कार्रवाई का विरोध करते हुए इन लोगों का आरोप था कि नगर पालिका प्रशासन एक तरफ से कार्रवाई नहीं कर रही है, दूसरी ओर बरसात में हमें परेशान किया जा रहा है अतिक्रमण हटाने का काम करके छोटे-छोटे दुकानदारों एक से दो फीट तक अतिक्रमण है उसको तो हटाने काम किया जा रहा है पर जिन बड़े दुकानदारों ने 5 से लेकर 7 फीट तक अतिक्रमण कर रखा है उनका पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस बात की भनक लगते ही छोटे व्यापारियों ने नगर पालिका प्रशासन कि इस कार्रवाई का विरोध करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया दुकानदारों के विरोध को भांपते हुए थोड़ी देर के बाद नगर पालिका के अमले ने अपनी कार्रवाई को बंद कर दिया और चलते बने शहर में इस समय अतिक्रमण हटाया जा रहा है। वहीं इस समय बारिश के कारण सभी को परेशानी हो रही है दूसरी ओर बड़े दुकानदारों ने बड़े स्तर पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है उनके खिलाफ भी एक तरफ से करवाई नगर पालिका के अमले को करनी चाहिए यदि इस तरह की कार्रवाई भेदभाव के साथ की जाएगी तो विरोध तो होगा दूसरी ओर मुख्य सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने का काम तो नहीं किया जा रहा है जबकि यहां पर यातायात भी इस वजह से प्रभावित होता है बस स्टैंड पर भी अतिक्रमण के कारण जाम के हालात बने रहते हैं यहां पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जहां पर अतिक्रमण के कारण सभी को परेशानी हो रही है। वहीं बारिश के मौसम में हुई इस कार्रवाई के कारण कई व्यापारियों ने एसडीएम से भी इस कार्रवाई का विरोध करते हुए शिकयत की काफी देर के बाद अतिक्रमण हटाने की मुहिम ठंडा बस्ते में चली गई है।




# डायमंड लीग: नीरज चोपड़ा मेंस जेवलिन थ्रो इवेंट में हिस्सा लेंगे

## 4 टॉप रैंक खिलाड़ियों के हटने से क्वालिफाई किया आज होगा इवेंट

**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारतीय स्टार जेवलीन थ्रोअर और दो बार के ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। वहीं पेरिस ओलिंपिक में 92.97 मीटर के रिकॉर्ड थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीतने वाले अरशद नदीम फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सके हैं। डायमंड लीग स्टैंडिंग के टॉप-6 खिलाड़ियों ने 13 और 14 सितंबर को ब्रूसेल्स में होने वाले फाइनल के लिए क्वालिफाई किया है। इस स्टैंडिंग में नीरज 14 पॉइंट्स के साथ चौथे नंबरपर रहे। जबकि केवल 5 पॉइंट्स के साथ अरशद फाइनल 8वें नंबर पर रहे। डायमंड लीग फाइनल के लिए नीरज चोपड़ा सहित एंडरसन पीटर्स, जूलियन वेबर, जैकब वडलेज, एंड्रियन मार्डारे और रोडरिक जेनकी डीन ने क्वालिफाई किया है।



डायमंड लीग स्टैंडिंग के टॉप-6 जेवलिन थ्रोअर्स डायमंड लीग स्टैंडिंग में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 4 इवेंट्स में 29 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान, जर्मनी ने जूलियन वेबर 3 इवेंट्स में 21 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर और चेक रिपब्लिक के जैकब वडलेज 3 इवेंट्स में 16 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### फाइनल में भारतीय एथलीट के मुकाबले

**अविनाश साबले**
आज मेंस 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में हिस्सा लेंगे।

**नीरज चोपड़ा**
14 सितंबर को मेंस जेवलिन थ्रो इवेंट में हिस्सा लेंगे।




### अविनाश साबले पहली बार फाइनल खेलेंगे

भारत के मिडिल डिस्टेंस रनर अविनाश साबले पहली बार डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे। वे इस लीग के फाइनल में जगह बनाने वाले दूसरे भारतीय हैं। उनसे पहले नीरज चोपड़ा इस इवेंट में हिस्सा ले चुके हैं। 29 साल के अविनाश 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। उनका इवेंट शुक्रवार, 13 सितंबर को होगा। साबले ने इस सीजन में डायमंड लीग के 5 में से 2 इवेंट में हिस्सा लिया है और टेबल में 3 अंक के साथ तालिका में 14वें स्थान पर थे। लेकिन, उनसे ज्यादा रैंकिंग वाले 4 एथलीट्स ने नाम वापस ले लिया। इससे साबले 12 खिलाड़ियों वाले फाइनल के लिए क्वालिफाई हो गए। स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज इस सीजन के फाइनल के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। 2 दिनी डायमंड लीग फाइनल का आयोजन ब्रसेल्स में होने जा रहा है।

### पेरिस ओलिंपिक के फाइनल तक पहुंचे थे साबले

ओलिंपिक में मेंस 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट के फाइनल पहुंच गए थे, लेकिन वे अपने प्रदर्शन से प्रभावित नहीं कर सके। पेरिस ओलंपिक में वह 8:14.18 मिनट के समय के साथ निराशाजनक 11वें स्थान पर रहे थे। नीरज 15 अंक के साथ क्वालिफाई हुए 5 दिन पहले डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने ओवरऑल टेबल में चौथे स्थान पर रहते हुए डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। उन्होंने दोहा और लुसाने में आयोजित एकदिवसीय मुकाबलों में प्रत्येक में दूसरे स्थान पर रहने से 14 अंक अर्जित किए। पेरिस में अपना ही नेशनल रिकॉर्ड बेहतर किया इस सीजन में डायमंड लीग के 14 इवेंट में से 5 में पुरुषों का 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट था। साबले ने 7 जुलाई को डायमंड लीग के पेरिस चरण में 8:09.91 मिनट के समय के साथ छठा स्थान हासिल किया था। उन्होंने अपने ही नेशनल रिकॉर्ड में सुधार किया। वे 25 अगस्त को सिलेसिया चरण में 14वें स्थान (8:29.96 मिनट) पर थे।



### क्रिकेट: एसीसी अध्यक्ष शाह ने की घोषणा

# अब अंडर-19 महिला टी-20 एशिया कप की होगी शुरुआत

**कुआलालंपुर. एजेंसी**

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने महिला अंडर-19 टी-20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू करने की घोषणा की है। जय शाह की अध्यक्षता में यहां हुई एसीसी कार्यकारी बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया। एसीसी ने कहा कि इस टूर्नामेंट से एशिया की युवा महिला खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा करने के लिए शानदार अंतरराष्ट्रीय मंच मिलेगा।

### हर दो साल में होगा टूर्नामेंट का आयोजन

एसीसी ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट का आयोजन प्रत्येक दो साल में किया जाएगा, जोकि महिला आइसीसी अंडर-19 टी-20 विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से अहम साबित होगा। हालांकि अभी यह घोषणा नहीं की गई है कि इस टूर्नामेंट के पहले संस्करण की शुरुआत कब होगी और इसका मेजबान देश कौन होगा।



## मेट्रो बाजार

# 'मेड इन इंडिया' के बावजूद आइफोन-16 भारत में सबसे अधिक महंगा

**नई दिल्ली. एजेंसी**

भारत से आइफोन का निर्यात अप्रेल 2024 से अगस्त के दौरान 5 अरब डॉलर का आंकड़ा छू चुका है। 2023 की समान अवधि में यह 3.2 अरब डॉलर था। यानी इस भारत से मेड इन इंडिया आइफोन का निर्यात 54त्न बढ़ा। एपल ने आइफोन 16 व आइफोन-16 प्रो मैक्स का उत्पादन भारत में होने की बात कही है। मेड इन इंडिया होने के बावजूद आइफोन-16 सीरीज के स्मार्टफोन भारत में



दुनियाभर में सबसे महंगे हैं। भारत में आइफोन-16 की कीमत 79,900 रुपए, आइफोन-16 प्लस 89,900 रुपए, आइफोन-16 प्रो 19,900 रुपए और आइफोन-16 प्रो मैक्स की कीमत 1,44,900 रुपए से शुरू होती है। अमरीका के मुकाबले भारत में आइफोन-16 करीब 13,000 रुपए, आइफोन-16 प्लस 14,400 रुपए, आइफोन-16 प्रो 36,000 रुपए और आइफोन-16 प्रो मैक्स 44,000 रुपए महंगा है। भारत में इसकी कीमतें ब्रिटेन, चीन, दुबई, हांगकांग, थाइलैंड जैसे कई देशों से अधिक है। रुपए कीमत आइफोन 16 प्लस की भारत में, जबकि अमरीका में यह 75,493 रुपए यानी 899 डॉलर में मिलेगा। पीएलआइ स्कीम के कारण भारत से आइफोन निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। इंडस्ट्री विश्लेषकों का कहना है कि भारत में आईफोन 16 प्रो और प्रो मैक्स मॉडल्स का उत्पादन शुरू होने से आइफोन निर्यात की वैल्यू में और इजाफा होने की संभावना है। अभी भारत से हर महीने कम से कम एक अरब डॉलर के आइफोन का निर्यात हो रहा है। 2024 में भारत में एपल की आय सालाना आधार पर 18 फीसदी बढ़ सकती है।

# इलेक्ट्रिक कार विंडसर लॉन्च, कीमत 9.99 लाख

**नई दिल्ली. एजेंसी**

एमजी इंडिया और जेएसडब्ल्यू ने अपनी बहुप्रतीक्षित इलेक्ट्रिक कार विंडसर लॉन्च कर दी है। इस ईवी की शुरुआती कीमत 9.99 लाख रुपए है। एमजी विंडसर को 3 वेरिएंट्स और 4 रंगों में पेश किया गया है। इस कार की बुकिंग 3 अक्टूबर से शुरू होगी, जबकि डिलीवरी 12 अक्टूबर से होगी। वहीं ट्रायल 25 सितंबर से शुरू होगा। एमजी मोटर्स का दावा है कि यह देश की पहली सीयूवी (क्रोसर यूटिलिटी व्हीकल) है, जिसमें एसयूवी जैसा दम और सेडान वाला आराम है। इसके केबिन में इन्फिनिटी-व्यू ग्लॉस रूफ है, जिससे कार के केबिन में बैठ खुले आसमान को देख सकते हैं।

# सस्ता होगा पेट्रोल-डीजल! 70 डॉलर के फिसला क्रूड ऑयल

**नई दिल्ली. एजेंसी**

कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट आई है। क्रूड ऑयल के दाम 52 सप्ताह के हाई 98 डॉलर प्रति बैरल से 26 फीसदी नीचे हैं। ब्रेंट क्रूड ऑयल फ्यूचर्स दिसंबर 2021 के बाद पहली बार 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे 69 डॉलर पर पहुंच गया है। सप्लाई में मांग को लेकर बढ़ रही चिंता की वजह से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। इससे पेट्रोल-डीजल सस्ता होने की उम्मीद बढ़ गई है। कच्चे तेल की कीमतें घटने से तेल कंपनियों के शेयरों में लगातार गिरावट आ रही है। हालांकि यह पहली बार नहीं है कि क्रूड ऑयल के दाम कम हुए हो, इससे पहले भी रेट गिरने के बाद भी पेट्रोल-डीजल के दाम कम नहीं हुए थे।

# स्पेनिश धाविका एलेना ने कहा, मैं पदक गंवाने से दुखी हूं, लेकिन मेरे लिए मानव सेवा ज्यादा जरूरी

**पेरिस. एजेंसी**

किसी भी एथलीट का सपना ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में पदक जीतना होता है लेकिन स्पेन की पैरा एथलीट एलेना कांगोस्ट के लिए पदक से कही ज्यादा मानवता है और यही कारण है कि वह पेरिस पैरालंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतने से चूक गई। स्पेन की 36 वर्षीय एलेना महिलाओं की टी12 मैराथन में तीसरे स्थान पर थीं लेकिन फिनिशिंग लाइन से कुछ देर पहले उनके गाइड की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। हालांकि उन्होंने फिनिशिंग लाइन पार कर ली लेकिन नियमों का उल्लंघन करने के कारण उनसे कांस्य पदक छीन लिया गया।

**जो भी किया, उसपर गर्व है:** एलेना ने कहा, मैं चाहती हूं कि हर कोई यह जान ले कि मुझे धोखा देने के लिए अयोग्य नहीं ठहराया गया है। मैंने एक गिरते इंसान की मदद की और उसपर मुझे गर्व है।

### गाइड की मदद करने के कारण स्पेनिश धाविका से पदक छिना

टी12 स्पर्धा में वे धावक भाग लेते हैं, जो पूरी तरह या आंशिक तौर पर दृष्टिहीन होते हैं। वे रनिंग के दौरान मार्ग ना भटक जाए, उन्हें रास्ता दिखाने के लिए गाइड भी उनके साथ दौड़ लगाता है। इस दौरान गाइड और धावक के हाथ में एक लूप वाली रस्सी होती है, जो उन्हें एक-साथ जोड़ती है। इस रस्सी को उन्हें हर समय पकड़े रहना होता है। यदि एक सेकेंड के लिए भी कोई रस्सी छोड़ता है तो धावक को डिसक्वालीफाई कर दिया जाता है। फिनिशिंग लाइन से 10 यार्ड पहले एलेना के गाइड मिया कैरोल ब्रुगुएरा के पैर की मांसपेशियां खिंच गईं। वह दर्द से कराह उठे और इस दौरान उन्हें सहारा देने के लिए एलेना ने कुछ सेकेंड के लिए रस्सी छोड़ दी। हालांकि दोनों ने बाद में फिनिशिंग लाइन पार की।



### फीफा विश्व कप क्वालीफायर

# ब्राजीलियाई टीम 5 में से चार मैच हारी, अब 16 साल बाद मिली जीत

**असुनसियन. एजेंसी**

डिएगो गोमेज के एक मात्र गोल से पराग्वे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फीफा विश्व कप क्वालीफायर 2026 मुकाबले में ब्राजील को 1-0 से हराया और 2008 के बाद पहली बार विपक्षी टीम पर जीत दर्ज की। गोमेज ने पराग्वे के लिए 20वें मिनट में गोल दागा। विश्व कप क्वालीफायर के पिछले पांच मैचो में ब्राजील की यह चौथी हार है और तालिका में 10 अंक के साथ 5वें जबकि पराग्वे 9 अंक के साथ 7वें स्थान पर है। वहीं दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेसी के बगैर खेल रही विश्व चैंपियन अर्जेंटीना को फीफा विश्व कप क्वालीफायर 2026 मुकाबले में कोलंबिया से 1-2 से हार झेलनी पड़ी। कोलंबिया ने कोपा अमरीका 2024 फाइनल में अर्जेंटीना से मिली हार का हिसाब भी पूरा कर लिया। टीम के लिए येरसन और जेम्स रोड्रिगुएज ने गोल दागा।



# फुटबॉल: इंग्लैंड ने फिनलैंड को 2-0 से दी शिकस्त

**लंदन. एजेंसी**

इंग्लैंड फुटबॉल टीम के कप्तान हैरी केन ने मंगलवार रात यहां नेशंस लीग के ग्रुप-बी मुकाबले में फिनलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे। हैरी केन ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का कुल 100वां मुकाबला खेला और इसे यादगार बनाते हुए दो गोल दागे। हैरी केन ने मैच के 57वें और 76वें मिनट में गोल दागा।

**100वें अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में हैरी केन ने दागे दो गोल**

**10वें खिलाड़ी बने:** हैरी केन इंग्लैंड के लिए 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 10वें खिलाड़ी हैं। शीर्ष स्थान पर पीटर शेल्टन (125) हैं।

**इंग्लैंड के टॉप स्कोरर:** हैरी केन अंतरराष्ट्रीय मैचों में इंग्लैंड के टॉप स्कोरर हैं। हैरी केन ने 100 मैचों में अब तक कुल 68 गोल दागे हैं। उनके बाद दूसरे स्थान पर पूर्व फुटबॉलर वायने रूनी हैं, जिनके नाम 120 मुकाबलों में 53 गोल हैं।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# 'हाउसफुल 5' में नजर आएंगी पांच अभिनेत्रियां लंदन में होगी शूटिंग

कॉमेडी ड्रामा फिल्म हाउसफुल 5 की शूटिंग 15 सितंबर से लंदन में शुरू होगी, जिसका शेड्यूल 45 दिनों का होगा। इस फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। वहीं फिल्म में एक साथ पांच अभिनेत्रियां अपना जलवा बिखेरेंगी। साजिद नाडियाडवाला और अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी ड्रामा फिल्म हाउसफुल की फ्रैंचाइजी की पांचवीं किस्त हाउसफुल 5 जल्द लेकर आ रहे हैं। इसकी आधिकारिक घोषणा पहले ही की जा चुकी है। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे अक्षय कुमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर हाउसफुल 5 की घोषणा की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हाउसफुल की पांचवीं किस्त को एक क्रूज पर सेट किया जाएगा। माना जा रहा है कि इस बार हाउसफुल 5 यह अब तक की सबसे बड़ी फिल्म होगी और निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने इस बार फिल्म की पांचवीं किस्त के लिए बड़े कलाकारों को इकट्ठा किया है। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, फरदीन खान, नाना पाटेकर, चंकी पांडे, जैकी श्रॉफ और डिनो मोरिया शामिल हैं। हाउसफुल 5




की फीमेल लीड की बात करें तो इस बार हाउसफुल 5 में पांच अभिनेत्रियां नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस बार हाउसफुल की पांचवीं किस्त में जैकलीन फर्नांडीज, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा, चित्रांगदा सिंह, सौंदर्या शर्मा की मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। हाउसफुल 5 में हर किरदार किसी न किसी वजह से फिल्म का हिस्सा है। फिल्म की शूटिंग 15 सितंबर को लंदन में शुरू होगी, जो 45 दिनों तक चलेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की शूटिंग पहले लंदन में कुछ दृश्यों से शुरुआत करेंगे और फिर एक क्रूज पर इसकी शूटिंग की जाएगी। लंदन के बाद, टीम इस साल के आखिर में एक और शेड्यूल के लिए मुंबई वापस लौटेगी। अक्षय कुमार के प्रशंसक उन्हें एक बार फिर से उनके खास कॉमिक अंदाज में देखने के लिए उत्साहित हैं।

# 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का ट्रेलर लॉन्च सुहागरात की सीडी चोरी पर बनी फिल्म





तृप्ति डिमरी और राजकुमार राव की आगामी फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का ट्रेलर लॉन्च कर दिया गया है। प्रशंसक फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। अब इसके ट्रेलर ने उनकी उत्सुकता को दोगुना कर दिया है। 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का ट्रेलर लॉन्च हो चुका है। यह फिल्म सुहागरात की चोरी हुई सीडी पर आधारित है। ट्रेलर की शुरुआत ही विक्की और विद्या की शादी से होती है, जो 90 के दशक की एक झलक दिखाती है। विक्की की फंतासी थी कि वह अपनी सुहागरात का वीडियो बनाए। कहानी में मोड़ तब आता है, जब वह सीडी चोरी हो जाती। पूरे ट्रेलर में विक्की (राजकुमार राव) और विद्या (तृप्ति डिमरी) सीडी को ढूंढते फिरते हैं। इस फिल्म में राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी के अलावा विजय राज, मल्लिका शेरावत, मस्त अली, अर्चना पूरन सिंह, मुकेश तिवारी, अर्चना पटेल, राकेश बेदी, टीकू तलसानिया और अश्विनी कलसेकर भी हैं। राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मौजूदा समय में राजकुमार राव की फिल्म 'स्त्री 2' ने बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा बिखेर रखा है। अभिनेता अपनी फिल्म की सफलता का आनंद उठा रहे हैं। राजकुमार राव की फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' पहले दिन से ही कम दरों पर दर्शकों को देखने को मिलेगी। राजकुमार राव की आगामी फिल्मों की बात करें तो वह 'मालिक' नाम की में दिखेंगे। फिल्म से उनकी पहली झलक भी सामने आ चुकी है। इसके अलावा वह 'भूल चूक माफ' भी लेकर आ रहे हैं, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री वामिका गब्बी नजर आएंगी। वहीं, दूसरी ओर तृप्ति डिमरी 'एनिमल 2' में नजर आएंगी और कार्तिक आर्यन के साथ 'भूल भुलैया 3' अहम भूमिका निभाते हुए दिखेंगी।



# काजोल ने बचाई थी शाहरुख खान की जान, दिलवाले गाने की शूटिंग के दौरान किंग के साथ हुआ था हादसा

शाहरुख खान और काजोल दोनों अच्छे सह-कलाकार होने के साथ ही अच्छे दोस्त भी हैं। फिल्म दिलवाले के दौरान एक ऐसा हादसा हुआ था, जिसमें काजोल ने शाहरुख की जान बचाई थी। शाहरुख खान और काजोल ने कई फिल्मों में बेहतरीन अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। काजोल और शाहरुख की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री लगातार दर्शकों को आकर्षित करती आई है। इन दिनों की कमाल की केमेस्ट्री साल 2015 की फिल्म दिलवाले में नजर आई थी, जिसमें शाहरुख और काजोल को कई सालों बाद एक साथ देखकर प्रशंसक बेहद खुश हुए थे। लेकिन क्या आपको यह पता है कि इस फिल्म के दौरान काजोल ने शाहरुख की जान बचाई थी। साल 2015 में रिलीज हुई रोमांटिक ड्रामा फिल्म दिलवाले में शाहरुख और काजोल की जोड़ी कई सालों बाद साथ में नजर आई थी। इस फिल्म में शाहरुख और काजोल के अलावा वरुण धवन और कृति सेनन ने भी अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म के गेरुआ गाने की मेकिंग के दौरान एक ऐसी घटना हुई थी जिसमें काजोल ने शाहरुख खान को झरने से गिरने से बचाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू में शाहरुख खान ने काजोल का आभार व्यक्त किया था। वहीं काजोल ने कहा था, अगर मैंने आपको (शाहरुख) सही समय पर नहीं पकड़ा होता तो आप झरने से बच नहीं पाते। जिस पर शाहरुख ने कहा, मेरी जान बचाने के लिए आपका बहुत-बहुत शुक्रिया। काजोल ने आगे कहा, अब आप (किंग खान) मुझ पर एहसानमंद हो। शाहरुख खान ने उन्हें जवाब देते हुए कहा, मैं तुम्हारा एहसानमंद हूं। मेरी जिंदगी अब तुम्हारे नाम हो चुकी है। (मेरी जिंदगी अब तुम्हारी है।) रोहित शेट्टी की इस फिल्म के लिए गेरुआ गीत प्रीतम द्वारा रचित है, जबकि अरिजीत सिंह और अंतरा मित्रा ने इसे गाया है। शाहरुख, काजोल, वरुण और कृति के अलावा फिल्म में पंकज त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, वरुण शर्मा, बोमन ईरानी, विनोद खन्ना, कबीर बेदी और जॉनी लीवर शामिल हैं। बता दें फिल्म दिलवाले की कहानी फरहाद सामजी, युनुस सजावल और साजिद ने लिखी थी। काम की बात करें तो सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित शाहरुख की अगली फिल्म किंग में सुहाना खान भी मुख्य भूमिका में हैं।

## राजधानी में विराजे श्रीगणेश



भोपाल,दोपहर मेट्रो। भोपाल के कोलार उत्सव समिति की झांकी लाल बाग के राजा की प्रतिमा स्थापित।



मंदाकिनी कोलार महाकाल गणेश उत्सव समिति की झांकी



भानपुर शबरी नगर नवयुवक गणेश उत्सव समिति की झांकी



नेहरू नगर स्थित साबरी नगर के गणेशजी की हुंकार

### ईदगाह हिल्स में कारोबारी के मकान में चोरों का धावा

# घर से नकदी समेत सवा चार लाख रुपए के जेवरात चोरी, नौकरानी पर संदेह

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित ईदगाह हिल्स में कारोबारी के घर से जेवरात समेत सवा चार लाख रुपए की नगदी चोरी होने का मामला सामने आया है। कारोबारी ने अपने घर में काम करने वाली नौकरानी पर संदेह जताया है। घटना 5 सितंबर से 12 सितंबर के बीच की बताई जा रही है। उन्होंने अपने स्तर पर नौकरानी से पूछताछ की, लेकिन जब उसने चोरी करने से इंकार किया तो कारोबारी ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस संदेही नौकरानी से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार 45 साल की रचना मूलचंदानी ईदगाह हिल्स में रहती है। उनके पति कारोबारी हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उन्होंने घर की अलमारी में डायमंड रिंग, चेन और नगदी समेत 4 लाख 30 हजार रुपए का सामान रखा था। गत 5 सितंबर को उन्होंने सामान अलमारी में सुरक्षित देखा था। पांच दिन बाद उन्होंने देखा तो अलमारी में नगदी और जेवरात नहीं थे। उन्होंने घर में काम करने वाली नौकरानी से पूछताछ की तो उसने साफ तौर पर कह दिया कि उसे जेवरात और नगदी के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई।

## खिड़की की ग्रिल काटकर हजारों का सामान चोरी



**भोपाल।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र के आदित्य एवेन्यू स्थित एक मकान की खिड़की की ग्रिल काटकर भीतर घुसे बदमाश जेवरात समेत हजारों का सामान चोरी चला गया। मकान मालिक इन दिनों विदेश में हैं। उनके ससुर ने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार लक्ष्मीनारायण मिश्रा (69) मेपल-ट्री सोसायटी, द्वारिका धाम गांधी नगर में रहते हैं। उनके दामाद निखिल मिश्रा आदित्य एवेन्यू दाता कालोनी कोहेफिजा में रहते हैं और फिलहाल डेनमार्क में आईटी कंपनी में काम करते हैं। बीते अप्रैल महीने से उनका पूरा परिवार डेनमार्क में रह रहा है, जबकि आदित्य एवेन्यू कालोनी का मकान खाली पड़ा है। बुधवार को निखिल के मकान की देखरखे करने वाली महिला ने बताया कि मकान की खिड़की की ग्रिल कटी हुई है। लक्ष्मीनारायण घर पहंचे तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने अपने दामाद को फोन लगाकर घर में रखे सामान के बारे में पूछा तो पता चला कि घर में रखी चांदी की पायल, एक सोने की नाक की छोटी लोंग, एक सोने का छोटा लाकेट, एक हाथ घडी, गणेश भगवान की पूजा की मूर्ती समेत अन्य सामान नहीं है। पुलिस ने चोरी गए सामान की कीमत 45 हजार रुपये बताई है। अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## युवती का लैपटॉप बैग चुराकर गायब हो गया बदमाश

### स्टेशन के ब्रिज पर ट्रेन का इंतजार कर रही

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के ब्रिज पर ट्रेन का इंतजार कर रही एक युवती का पिट्ठू बैग चोरी चला गया। बैग में लैपटाप समेत हजारों रुपये का सामान रखा हुआ था। जीआरपी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार तनुप्रिया टांडेकर छिंदवाड़ा की रहने वाली हैं। बुधवार को वह अपनी बहन अंजू के साथ छिंदवाड़ा जाने के लिए रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंची थी। ओवर ब्रिज पर दोनों पहने ट्रेन का इंतजार कर रही थी। इस दौरान तनुप्रिया ने अपना पिट्ठू बैग बहन को दिया और सामान लेने के लिए बाहर चली गई। कुछ देर बाद वापस लौटी तो अंजू ने बताया कि वह बैग अपने पास रखे हुए थी। बैग रखकर वह दूसरी तरफ देखने लगी, तभी किसी ने पीछे से उसका बैग चोरी कर लिया। बैग के अंदर 60 हजार रुपए कीमत का लैपटाप, लैपटाप चार्जर, मोबाईल चार्जर, एसबीआई बैंक का एटीएम कार्ड तथा इस्तेमाली कपड़े समेत हजारों रुपये का सामान रखा हुआ था। इसी प्रकार इंदौर भोपाल एक्सप्रेस में सफर के दौरान आयुषी जडिया़ का पर्स चोरी हो गया। भोपाल निवासी आयुषी इंदौर से भोपाल आ रही थी। कोच में बैठने के बाद वह अपनी सीट पर सो गई। सीहोर स्टेशन आने पर नींद खुली तो पर्स गायब था। पर्स में 6500 रुपए नकद, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैनकार्ड, वोटर कार्ड, मोबाइल चार्जर, पावर बैंक, इयर फोन, इस्तेमाली कपडे, शापिंग का सामान और कास्मेटिक ज्वैलरी रखी हुई थी।

## सिटी बस में जेबकट ने दो यात्रियों से की मारपीट, मोबाइल-पर्स लेकर भागा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**तलैया थाना क्षेत्र में चलती बस में ने की वारदात**

तलैया थाना क्षेत्र में एक जेबकट ने चलती बस में दो यात्रियों की जेब काट ली। जेबकटी की भनक लगते ही यात्रियों ने बस में संदिग्ध की तलाशी लेने का प्रयास किया तो वह भड़क गया और मारपीट करते हुए चलती बस से कूदकर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात जेब कट के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तालाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रायसेन निवासी 40 साल के शिशुपाल धाकड़ किसान हैं। गुरुवार को वह बरेली से इलाज कराने भोपाल आए। एम्स जाने के लिए उन्होंने भारत टॉकीज चौराहा से एसआर-5 रूट की बस पकड़ी। बस पूरी तरह से भरी हुई थी। सुल्तानिया अस्पताल के पास वह पहुंचे ही कंडक्टर ने उनसे किराया मांगा। जेब में हाथ डालने पर पता चाला कि पर्स चोरी हो गया है। दूसरे जेब में चेक किया तो मोबाइल भी नहीं था। उन्होंने अन्य यात्रियों को बताया। इसी बीच उनके पास खड़े यात्री मनीष ने बताया कि उसका पर्स और मोबाइल भी चोरी हो गया है। सभी यात्री बस में संदिग्ध को तलाशने लगे। तभी एक बदमाश चुपके से भागने लगा। संदिग्ध लगने पर शिशुपाल ने उसे पकड़ लिया। तभी बस थोड़ी धीमी हुई। तभी आरोपी शिशुपाल से मारपीट करते हुए छूरी दिखाई और चलती बस से कूदकर भाग निकला।

## 16 साल की नाबालिग से दुष्कर्म



**भोपाल।** नजीराबाद थाना क्षेत्र में 16 साल की नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना 9 सितंबर की दोपहर करीब करीब दो बजे के आसपास की है। पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बलात्कार, पाक्सो समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 16 साल की किशोरी घरेलू काम करती है। गत 9 सितंबर को दोपहर करीब 2 बजे वह पानी लेने के लिए हैंडपंप पर जा रही थी। इसी बीच इलाके में रहने वाला संदीप नामक युवक ने उसे काम के बहाने अपने साथ ले गया। आरोपी उसे अपने घर ले गया और वहां डरा धमकाकर उससे दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे धमकी दी थी कि यदि किसी से कुछ कहा तो जान से खत्म कर देगा। डरी-सहमी किशोरी ने तीन दिन तक किसी को घटना की जानकारी नहीं दी। गुरुवार को उसने परिजन को आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। इसी प्रकार इलाके में रहने वाली 29 वर्षीय महिला की रिपोर्ट पर आरोपी अमर सिंह और भारत सिंह के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि करीब एक महीने पहले दोनों आरोपियों के साथ महिला के पति का विवाद हुआ था। इस पर आरोपियों ने बीती 8 सितंबर की रात करीब दस बजे महिला के घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकत कर दी।

## ट्रक की टक्कर लगने से 70 साल के बुजुर्ग की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित पिपलिया जोड़ पर ट्रक की टक्कर से 70 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसा गत 8 सितंबर की शाम का है। हादसे में उन्हें गंभीर चोट आईड़थी और उनका भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार लसुड़िया पठार, खजूरी सड़क निवासी 70 साल के भगवत सिंह खेती किसानी करते थे। गत 8 सितंबर को वह रिश्तेदार के साथ बैरागड़ से लौटे और पिपलिया जोड़ के पास पैदल सड़क पार कर रहे थे। इसी बीच एक ट्रक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गए थे। उम्रदराज भगवत सिंह को टक्कर लगने से गंभीर चोट आई थी। रिश्तेदार उन्हें भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। वहां उनका इलाज चल रहा था। गुरुवार देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि टक्कर मारने वाले ट्रक चालक पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

## घर के सामने खड़े होने पर दो युवकों में विवाद


**भोपाल।** टीला जमालपुरा इलाके में घर के सामने खड़े होने की बात को लेकर दो युवकों के बीच विवाद हो गया। इस पर एक युवक ने दूसरे को दांत से काट लिया, जबकि दूसरे युवक ने ब्लेड से हमला किया। पुलिस ने मारपीट का काउंटर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बाग मुफ्ती साहब टीला जमालपुरा में रहने वाला अमन खान बकरा खरीदने और बेचने का काम करता है। इसी इलाके में रहने वाला मो। फैसल कम्प्यूटर सुधारने का काम करता है। बुधवार की रात करीब सवा बजे अमन खान यहां फैसल के घर के सामने खड़ा हुआ था। फैसल ने उसे अपने घर के सामने खड़ा होने से मना किया तो दोनों के बीच विवाद हो गया। इस पर फैसल ने अमन पर ब्लेड से हमला कर दिया।

## कलारी के पास नाले में मिली युवक की लाश

**भोपाल।** विजय नगर में कलारी के पास गुरुवार सुबह एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की शिनाख्त दुर्गा नगर कॉलोनी में रहने वाले युवक के रूप में कर ली गई है। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। पुलिस को परिजन ने बताया कि वह मॉर्निंग वॉक पर प्रतिदिन घर से निकलता था। पुलिस के अनुसार विजय नगर कलारी के पास के से युवक का शव बरामद किया गया। आसपास के लोगों से पूछताछ की तो उसकी शिनाख्त 46 साल के योगेश गिरी दुर्गा कॉलोनी, सेमरा गेट के पास के रूप में की गई। योगेश के बेटे हर्ष ने पुलिस को बताया कि पिता आरटीओ में प्राइवेट काम करते थे और शराब पीते थे। वे प्रतिदिन सुबह घर से मॉर्निंग वॉक पर निकलते थे। गुरुवार सुबह भी वह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। वह नाले में कैसे गिरे इसकी पुलिस जांच कर रही है।

## करंट से झुलसकर बारह साल की बच्ची की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित गोकुल दास, संजय नगर में बारह साल की बच्ची की करंट से झुलसकर मौत हो गई। घर पर करंट लगने के बाद परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सौम्या पिता दीपक हजालिया (12) मकान नंबर-107, गोकुल दास, संजय नगर में रहती थी। गुरुवार रात उसे घर में करंट लग गया। परिजन सौम्या को लेकर तलैया स्थित निजी अस्पताल ले गए, वहां कुछ देर चले इलाज के बाद उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मर्चूरी भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन घटनास्थल का निरीक्षण करेगी।




**मेट्रो एंकर** | **नहीं थम रहा चोरियों का सिलसिला, तफ्तीश के बाद भी पुलिस के हाथ खाली**

# दवा बाजार से इंजीनियर की बाइक चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। हनुमानगंज स्थित दवा बाजार से एक इंजीनियर की बाइक चोरी हो गई। इधर कोहेफिजा इलाके में एक छात्र समेत कई अन्य स्थानों से दोपहिया वाहन चोरी हो गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।**



पुलिस के मुताबिक जिया उल्लाह (53) साफ्टवेयर इंजीनियर हैं और नूर महल रोड शाहजहांनाबाद में रहते हैं। हनुमानगंज स्थित दवा बाजार में वह अपना आफिस चलाते हैं। गत दिवस वह अपने कार्यालय पहुंचे और मोटर सायकिल को दवा बाजार स्थित गुडविल इंटर प्राइजेस के नीचे पार्किंग में खड़ी कर दी। शाम करीब चार बजे देखा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। तलाश करने के बाद भी जब बाइक का कुछ पता नहीं चला तो थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर कोहेफिजा थानांतर्गत दाता कालोनी में रहने वाले दुष्यंत सिंह चौहान (18) बारहवीं कक्षा में पड़ता है। वह मूलत~ अजमेर राजस्थान का रहने वाला है। गत दिवस वह बाइक लेकर कोचिंग गया था। वापस आकर उसने बाइक को घर के सामने खड़ी कर दी। अगले दिन सुबह स्कूल चला गया। दोपहर को स्कूल के घर लौटा तो बाइक गायब थी। इधर पिपलानी थानांतर्गत शिवनगर आनंद नगर से कपिल वंशकार और रत्नागिरी कलारी के सामने से सुरेंद्र सिंह चौहान की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घर के सामने खड़ी स्कूटर चोरी जहांगीराबाद थानांतर्गत माता मोहल्ला बरखेड़ी में रहने वाले विशाल यादव प्रायवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। पिछले दिनों रात करीब साढ़े ग्यारह बजे उन्होंने अपनी स्कूटर घर के सामने खड़ी की और अंदर चले गए। अगले दिन सुबह करीब ग्यारह बजे देखा तो स्कूटर चोरी हो चुकी थी। इसी प्रकार अशोका गार्डन थानांतर्गत न्यू अशोका गार्डन में रहने वाले मयंक मिश्रा के घर के सामने खड़ी मोटर सायकिल चोरी चली गई। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022